रोहतक
रविवार, 4 मई, 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 93
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 38.2
न्यून. 17.9

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

05 किरण को निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक

पानी को लेकर हरियाणा ने की सर्वदलीय बैठक

सभी दल एकजुट, सीएम सैनी बोले, पंजाब को हर हाल में पानी देना होगा, मान ने कहा- हमारे यहां कत्ल हो जाते हैं

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) के पानी पर पंजाब के साथ विवाद के बीच हरियाणा सरकार ने शनिवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में सभी दलों ने सरकार के फैसले का समर्थन किया और इस मुद्दे पर एकजुटता दिखाई। बैठक में सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि पानी पर हमारा हक है। इसे हम लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर वे चुप नहीं बैठेंगे, उनके सारे विकल्प खुले हैं। सैनी ने कहा, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने असंवैधानिक तरीके से हरियाणा का पानी रोका है। दिल्ली में आप की हार का बदला लेने के लिए पानी का विवाद खड़ा किया गया है। हरियाणा के 7 जिलों में पीने के पानी की कमी है। 156 जलघरों में पानी की बूंद तक नहीं है। पंजाब अपने हिस्से से ज्यादा पानी का उपयोग कर रहा है। हरियाणा को आवंटित हिस्से से 17% कम पानी मिल रहा है। हम चुप नहीं बैठेंगे, उन्हें पानी देना ही पड़ेगा। दूसरी तरफ, पंजाब के सीएम भगवंत मान ने जालंधर में कहा कि पानी के लिए पंजाब में कत्ल हो जाया करते हैं। इसलिए पंजाब से एक भी बूंद किसी को पानी नहीं दिया जाएगा। उधर, हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू भी इस मामले में कूद गए। उन्होंने कहा कि पानी पर पंजाब का नहीं, बल्कि हिमाचल का पहला हक है, क्योंकि बीबीएमबी में पानी भी हिमाचल से जा रहा है।

सैनी ने कहा- इस मामले पर हम चुप नहीं बैठेंगे, सभी विकल्प खुले

सोमवार को पंजाब विस का विशेष सत्र

पंजाब सरकार ने जल विवाद को लेकर सोमवार को एक दिन का विस सत्र भी बुलाया है। वहीं, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने साफ कर दिया है पंजाब के इस सत्र में एकतरफा प्रस्ताव पारित किया तो हम भी विस सत्र बुलाएंगे और कड़ा फैसला लेंगे।

तीन राज्यों को मिलेगा पानी

भाखड़ा बांध से हरियाणा, पंजाब और राजस्थान को पानी मिलता है। चालू वित्त वर्ष में पंजाब को 5.512 एमएएफ, हरियाणा को 2.987 एमएएफ और राजस्थान को 3.318 एमएएफ पानी का बंटवारा किया है। पंजाब के हिसाब से हरियाणा को 4000 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। इसी पानी में से हरियाणा आगे दिल्ली को 555 क्यूसेक (300 एमजीडी) पानी देता है। हरियाणा अभी 8500 क्यूसेक पानी की मांग कर रहा है।

सर्वदलीय बैठक में ये शामिल

चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान, आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता, इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला जजपा नेता, इनेलो से विधायक आदित्य देवीलाल मौजूद रहे। पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा बैठक में शामिल हुए। सभी ने एक सुर में हरियाणा के परोके जाने पर पंजाब की आलोचना व निंदा प्रस्ताव पारित किया। साथ ही साफ कर दिया कि वे पानी के मुद्दे पर सरकार जो भी फैसला लेगी उसके साथ में खड़े हैं।

बीबीएमबी की बैठक में नहीं पहुंचा पंजाब

भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) की चंडीगढ़ में हरियाणा, हिमाचल और राजस्थान के अधिकारियों से मीटिंग हुई। पंजाब ने मीटिंग को गैरकानूनी बताते हुए पहले ही शामिल होने से इनकार कर दिया था। मीटिंग में तय हुआ कि बीबीएमबी के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी पंजाब सरकार से कोऑर्डिनेट करेंगे। भाखड़ा डैम से पुलिस हटाने के लिए पंजाब सरकार से बातचीत की जाएगी। उसके बाद पानी रिलीज करने पर चर्चा होगी। अगर पंजाब को पानी की जरूरत होगी तो बीबीएमबी व्यवस्था करेगा। एक दिन पहले भी केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में दिल्ली में हुई बैठक में केंद्र ने बीबीएमबी को उसके प्रस्ताव के अनुसार हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने को कहा है।

आईपीएल में आज

कोलकाता V/S राजस्थान
समय : 3.30 PM
स्थान : कोलकाता
पंजाब V/S लखनऊ
समय : 7.30 PM
स्थान : धर्मशाला

खबर संक्षेप

बीएसएफ ने सीमा के पास से पाक रेंजर पकड़ा

नई दिल्ली। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने राजस्थान में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास से एक पाकिस्तानी रेंजर को पकड़ा है। यह घटनाक्रम जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के मद्देनजर दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव के बीच बीएसएफ के जवान को पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा पकड़े जाने के दस दिन बाद हुआ है। पाक रेंजर को बल की राजस्थान फ्रंटियर ने हिरासत में लिया है। बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ को पाकिस्तान रेंजर्स ने 23 अप्रैल को पकड़ा था। भाषा

राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 18 वर्ष से कम आयु के उन युवाओं को सम्मानित करता है, जिन्होंने निम्नलिखित 6 श्रेणियों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। लोग प्रविष्टि भेज सकते हैं। एजेंसी

छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ में एक इनामी नक्सली ढेर

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया जिस पर आठ लाख रुपये के इनाम घोषित था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के जुगाड़ थाना क्षेत्र के मोतीपानी और करीब के जंगलों में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर शुक्रवार को जिला बल, गरियाबंद जिले की विशेष इकाई 'ई-30' और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया था। सुरक्षा बढ़ा दी गई है। भाषा

एंथनी लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के पीएम बने

मेलबर्न। एंथनी अल्बनीज लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री पद के लिए चुने गए हैं। वह पिछले 21 वर्षों में ऐसी जीत दर्ज करने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा। जीत के बाद अल्बनीज ने सिडनी में समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा, 'ऑस्ट्रेलिया की जनता ने वैश्विक चुनौतियों का सामना ऑस्ट्रेलियाई तरीके से करने का निर्णय लिया है, तथा भविष्य के निर्माण के साथ-साथ एक-दूसरे का भी ध्यान रखा है।' (पेज-8 भी देखें)

पहलगाम हमला : भारत की एक और स्ट्राइक, बढ़ेंगी पड़ोसी देश की मुश्किलें

पाक से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष आयात, डाक सेवा बंद, जहाजों के आने पर भी रोक

- *भारत लगातार सख्त कूटनीतिक कार्रवाई कर रहा, पहले भी कई प्रतिबंध लगाए*
- *पीएम मोदी बोले- आतंकवाद मानवता के लिए बड़ा खतरा, इसे खत्म करना जरूरी*
- *कश्मीर के सीएम उमर ने पीएम मोदी से की बात, घाटी के हालात की जानकारी दी*

भाषा/एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 पर्यटकों की मौत के बाद भारत पाकिस्तान के खिलाफ लगातार सख्त कूटनीतिक कार्रवाई कर रहा है। केंद्र सरकार ने शनिवार को पड़ोसी देश पर एक और स्ट्राइक करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान से सभी वस्तुओं के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके साथ ही सभी डाक सेवाएं भी पाकिस्तान के लिए बंद कर दीं और पाकिस्तानी जहाजों की भारतीय बंदरगाहों पर एंट्री बैन कर दी। एक सरकारी आदेश में यह जानकारी दी गई। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने दो मई को एक अधिसूचना में कहा कि इस संबंध में विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023 में एक प्रावधान जोड़ा गया है, जिसके तहत अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान में बने या वहां से निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात या पारगमन पर रोक लगाई जाएगी।

सभी तरह की आवक रुकेगी

भारत की ओर से पाकिस्तान से आयात पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रतिबंध लगाने से देश में पड़ोसी देश से किसी भी तरह के माल की आवक रुक जाएगी। भारत का पाकिस्तान को पिछले साल अप्रैल से इस साल जनवरी तक निर्यात 44.76 करोड़ डॉलर था, जबकि आयात मात्र 4.2 लाख डॉलर था। ये आयात अंजीर (78,000 डॉलर), तुलसी और रोजमेरी जड़ी-बूटियां (18,856 डॉलर), कुछ रसायन और हिमालयी गुलाबी नमक जैसी खास वस्तुओं तक सीमित थे। 2023-24 में आयात 28.8 लाख डॉलर था। (पेज-8 भी देखें)

भारत से ये निर्यात

भारत निर्यात की जाने वाली वस्तुएं : कपास, जैविक रसायन, पशु चारा सहित खाद्य उत्पाद, खाद्य सब्जियां, प्लास्टिक के सामान, मानव निर्मित रेशा, कॉफी, चाय, मसाले, रंग, तिलहन, डेयरी उत्पाद, फार्मास्यूटिकल्स आदि।

पाक से यह आयात

पाकिस्तान से आयात की जाने वाली वस्तुएं : तांबा और तांबे के सामान, खाद्य फल और मेवे, कपास, नमक, सल्फर और मिट्टी और पत्थर, जैविक रसायन, खनिज ईंधन, प्लास्टिक उत्पाद, ऊन, कांच के बने पदार्थ, कच्ची खाल और चमड़ा आदि।

यह कमी खलेगी

भारत में किसी को भी किसी चीज की कमी महसूस नहीं होगी, सिवाय शायद हिमालय के गुलाबी नमक (सेंधा नमक) के, जो पाकिस्तान के नमक भंडारों से निकाला जाता है।

आतंक पर निर्णायक कार्रवाई करेंगे : मोदी

पीएम नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर भारत के कठोर रुख की पुष्टि करते हुए कहा कि देश आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने यह घोषणा चार दिवसीय यात्रा पर भारत आए अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लॉरेन्को के साथ चर्चा के बाद की।

उमर और मोदी के बीच आधे घंटे चली मुलाकात

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पीएम मोदी से मुलाकात की व पिछले हफ्ते पहलगाम में हुए हमले समेत विभिन्न मुद्दों पर उनके साथ चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री के आवास पर दोनों नेताओं के बीच यह बैठक करीब आधे घंटे चली। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकवादी हमला होने के बाद से यह दोनों नेताओं के बीच पहली मुलाकात है। (पेज-7 भी देखें)

पहलगाम हमले के 6 संदिग्धों की कोलंबो एयरपोर्ट पर तलाश

कोलंबो। श्रीलंकाई पुलिस ने चेन्नई से कोलंबो आ रहे एक विमान की तलाशी ली, क्योंकि उसे सूचना मिली थी कि पहलगाम आतंकवादी हमले से जुड़े 6 संदिग्ध विमान में सवार हैं। भारतीय एजेंसियों ने यह इनपुट दिया था। एजेंसियों को इनके प्लेन में सवार होने की सूचना मिली थी।

पाक महिला से शादी करने वाला जवान मुनीर बर्खास्त

सीआरपीएफ ने पाकिस्तानी महिला से शादी की बात छिपाने के कारण अपने जवान मुनीर अहमद को बर्खास्त कर दिया। बल ने अहमद के कृत्य राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक पाया। हमद सेवा से बर्खास्त किये जाने से पहले सीआरपीएफ की 41वीं बटालियन में पदस्थ थे।

गोवा के शिरगांव में भगदड़, 7 लोगों की मौत, 70 घायल

पणजी (भाषा)। उत्तरी गोवा के एक मंदिर में शनिवार तड़के एक उत्सव के दौरान भगदड़ मचने से दो महिलाओं समेत 7 लोगों की मौत हो गई। इसमें 70 से अधिक लोग घायल हो गए। वहीं, 20 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। राहत-बचाव कार्य जारी है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना पणजी से लगभग 40 किलोमीटर दूर शिरगांव के श्री लईराई देवी मंदिर में तड़के करीब तीन बजे जात्रा के दौरान हुई। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भगदड़ की घटना की मजिस्ट्रेट से जांच कराने की घोषणा की। पुलिस ने बताया कि हजारों श्रद्धालु वार्षिक उत्सव में भाग लेने के लिए मंदिर की संकरी गलियों में उमड़ पड़े और इसी दौरान भगदड़ मच गई। पुलिस महानिदेशक आलोक कुमार ने बताया कि 7 लोगों की मौत हुई है और कई अन्य लोगों का राज्य के विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है। 'इस उत्सव के लिए कम 30,000 से 40,000 लोग एकत्र हुए थे और कुछ लोग एक ढलान पर खड़े थे। ढलान पर कुछ लोग गिर गए जिससे अन्य लोग एक-दूसरे पर गिर गए।' 40 से 50 लोग ढलान पर गिर गए जिसके परिणामस्वरूप भगदड़ मच गई।

श्री लैराई जात्रा के दौरान बिजली का तार गिरने से हादसा
- सभी श्रद्धालु जात्रा में शामिल होने के लिए मंदिर की ओर जा रहे थे
- 20 की हालत गंभीर, बढ़ सकती है मृतक संख्या

राष्ट्रपति व पीएम ने दुःख जताया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगदड़ में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, 'घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है।'

कोर्ट ने दी थी मंजूरी

एनआईए ने राणा की आवाज और लिखावट के सैंपल लिए

नई दिल्ली। एनआईए ने शनिवार को मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की आवाज और लिखावट के सैंपल लिए। सैंपल के लिए राणा को जूडिशियल मजिस्ट्रेट वैभव कुमार के सामने पेश किया गया। यहां राणा से कई अक्षर और अंक लिखवाए गए। 3 दिन पहले 30 अप्रैल को कोर्ट ने एनआईए की रीक्वेस्ट पर राणा की आवाज और लिखावट के सैंपल लेने की परमिशन दी थी। इससे पहले 28 अप्रैल को स्पेशल एनआईए जज चंदर जीत सिंह ने राणा को 12 दिन की कस्टडी में भेज दिया था। एनआईए ने राणा को 10 अप्रैल को अमेरिका से भारत लेकर आई थी।

- मुंबई हमले का मास्टरमाइंड 12 दिन की कस्टडी में

डीजीसीए के जांच के आदेश

जयपुर-चंडीगढ़ फ्लाइट के दोनों इंजन फेल, सुरक्षित लैंडिंग

जयपुर(एजेंसी)। जयपुर से चंडीगढ़ जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई-7742 लैंडिंग से पहले ही अचानक खराब हो गई। चंडीगढ़ पहुंचने से महज कुछ देर पहले ही फ्लाइट के दोनों इंजन ने कुछ समय के लिए काम करना बंद कर दिया था। ऑटो इग्निशन सिस्टम ने दोनों इंजन को तुरंत चालू कर दिया और तब जाकर विमान की लैंडिंग कराई गई। डीजीसीए ने इस पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं। इंजन में इंधन जलना (फ्लेम आउट) बंद हो गया था। दरअसल, जयपुर एयरपोर्ट से चंडीगढ़ जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट में यह गड़बड़ी हुई।

- पायलट की सूझबूझ से टला हादसा सभी सुरक्षित

अदालत का फैसला

अब केवल तीन मंजिल नहीं पूरी संजौली मस्जिद गिरेगी

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली क्षेत्र में स्थित मस्जिद को लेकर नगर निगम अदालत ने अंतिम फैसला सुना दिया है। पूरी मस्जिद के अवैध घोषित कर उसे पूरी तरह गिराने का आदेश दिया गया है। इससे पहले अदालत ने 5 अक्टूबर 2024 को मस्जिद की ऊपरी 3मंजिलों को गिराने का आदेश दिया था। शिमला नगर निगम आयुक्त भूपिंदर अत्री की अदालत ने शनिवार को सुनवाई के बाद पूरे निर्माण को अवैध करार देते हुए संजौली मस्जिद को पूरी तरह से गिराने का आदेश जारी कर दिया।

- नगर निगम आयुक्त भूपिंदर की अदालत का आदेश

नीट यूजी परीक्षा आज

देशभर के 566 शहरों में एक ही पाली में होगी परीक्षा

नई दिल्ली (भाषा)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए रविवार को देशभर में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातक (नीट यूजी) 2025 का आयोजन करेगी। यह परीक्षा देश में कुल मिलाकर 566 शहरों में आयोजित की जाएगी। इस एग्जाम के लिए एनटीए ने 30 अप्रैल को एडमिट कार्ड जारी किए थे। जिन कैंडिडेट्स ने अब तक प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं किया है वह neet.nta.nic.in पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। राष्ट्रव्यापी मेडिकल प्रवेश परीक्षा का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी नीट-यूजी केंद्रों पर 'मॉक ड्रिल' की गई। परीक्षा केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा होगी।

- शनिवार को नीट-यूजी केंद्रों पर 'मॉक ड्रिल' की गई

गर्मी से राहत

मौसम विभाग का दावा, अभी तापमान में गिरावट बनी रहेगी

कई जगह बादल छाए रहेंगे, हल्की से मध्यम गति की हवा चलेगी

नूंह में गिरे ओले, कई जिलों में बारिश, प्रदेश में आज और कल वर्षा और अंधड़ का अलर्ट

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में लगातार दूसरे दिन भी कई जिलों में बारिश हुई और तेज हवा चली। वहीं, नूंह में ओले गिरने की भी सूचना है। नूंह में शनिवार सुबह बारिश हुई और 10 मिनट तक ओले गिरे। इसके अलावा, भिवानी, फरीदाबाद और पलवल में भी हल्की बारिश हुई। गुरुग्राम में तेज बारिश दर्ज की गई। चरखी दादरी, नारनौल और झज्जर में बादल छाए रहे व कुछ स्थानों पर बारिश हुई। कुरुक्षेत्र में भी देर रात बारिश हुई थी। वहीं, मौसम विभाग ने पंचंबाला, यमुनानगर, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, नूंह व पलवल में 25 से 50 प्रतिशत बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने प्रदेश में 4 और 5 मई तक बारिश और अंधड़ का अलर्ट जारी किया है।

तापमान में गिरावट बनी रहेगी

कृषि मौसम विज्ञान विभाग चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ मदन खीचड़ ने बताया कि प्रदेश में 7 मई तक मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। 3 मई रात्रि से 7 मई तक लगातार दो पश्चिमीविक्षोभ के आंशिक प्रभाव से आंशिक बादल छाए रहेंगे। हल्की से मध्यम गति से हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में कहीं-कहीं बूंदाबांदी व हल्की बारिश और अंधड़ चलने की संभावना। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

क्या कहता है मौसम विभाग

मौसम विभाग के अनुसार 4 मई को भी पूरे हरियाणा में बारिश होगी। पंचकूला, अंबाला व यमुनानगर में 50-75 प्रतिशत संभावना है, जबकि कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल, पानीपत व सोनीपत में 25-50 प्रतिशत बारिश के आसार हैं। वहीं अन्य जिलों में 25 प्रतिशत तक बारिश संभावित है। 5 मई को भी पूरे हरियाणा में बारिश का अनुमान है। जिसमें से सिरसा, फतेहाबाद, हिसार व जींद में 25 प्रतिशत तक बारिश की संभावना है। वहीं अन्य जिलों में 25-50 प्रतिशत तक बारिश हो सकती है।

खबर संक्षेप

मीडिया की देश निर्माण में अहम भूमिका : मित्तल

पंचकूला। भाजपा मुख्यालय पंचकमल में जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने मीडिया विभाग के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में जिला मीडिया प्रमुख के चन्दन, जिला मीडिया सह प्रमुख अर्चना कपूर, पंकज शर्मा एवं मंडलो और मोर्चो के मीडिया प्रमुख भी उपस्थित रहे। बैठक में अजय मित्तल ने कहा, सोशल मीडिया के इस युग में आज भी लोग अखबारों में प्रकाशित खबरों को प्रामाणिक मानते हुए अधिक भरोसा करते है। अजय मित्तल ने कहा कि सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओ, राष्ट्र एवं समाज के हित में किये जाने वाले कार्यों एवं आयोजनों के व्यापक प्रचार प्रसार में समाचार पत्रों एवं न्यूज़ चैनलों की अहम भूमिका होती है।

सेवा ही जीवन का ध्येय होना चाहिए : रुंगटा

पंचकूला। पंचकूला औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 में श्री श्याम करुणा फाउंडेशन द्वारा श्रद्धा और सेवाभाव के साथ 163वां अन्न भंडारा आयोजित किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों लोगों ने अन्न ग्रहण किया और आयोजित भंडारे की सेवा में भाग लिया। फाउंडेशन संस्थापक अमिताभ रूंगटा ने कहा कि निस्वार्थ भाव व जन कल्याण के लिए आयोजित यह अन्न भंडारा मानवता को बढ़ावा देता है। सेवा ही हमारे जीवन का ध्येय होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि यह परंपरा आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

नई शिक्षा नीति भारतीय परंपरा के अनुरूप : गोयल

चंडीगढ़। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि सरकार की ओर से प्रदेश में लागू की गई नई शिक्षा नीति भारतीय परंपरा और संस्कृति के अनुसार है और यह भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के साथ-साथ विश्व गुरु भारत बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल शनिवार को जिला पलवल में आयोजित समारोह में महारानी पद्मावती महिला महाविद्यालय भवन के प्लान एवं प्रतीक चिन्ह का लोकार्पण करने उपरांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

वाहन ने स्कूटी सवार युवक को कुचला

गुरुग्राम सेक्टर-9 थाना एरिया में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और वाहन चालक पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में गुड़गांव के सेक्टर-4 में रहने वाले जोगिंद्र ने कहा कि उनका 18 वर्षीया भतीजा मानव स्कूटी पर सवार होकर सेक्टर-4 वैश्य धर्मशाला रोड से होता हुआ घर की ओर आ रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए मानव को उपचार के लिए मेदांता अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं हादसे को अंजाम देकर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज कर लिया और कार्रवाई शुरु कर दी।

नशे के खिलाफ सिटी ब्यूटीफल एकजुट मुख्यमंत्री व नेताओं ने किया पैदल मार्च

■ कार्यक्रम में पंजाब व हरियाणा के राज्यपाल ने भी की शिरकत ■ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी पहुंचे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के विजन में युवाओं की अहम भूमिका होगी। इसके लिए युवाओं को नशे से दूर रहना होगा। स्वस्थ युवा ऊर्जा के साथ विकसित भारत बनाए जाने के सपने को साकार करने में विशेष योगदान दें पाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में नशे के खिलाफ अभियान चलाए जा रहे हैं। इस कड़ी में शनिवार को सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में नशे के खिलाफ पैदल मार्च निकाला गया। जिसमें ट्राई सिटी के युवाओं व उनके अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मार्च के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जब एक बार युवा कुछ कर गुजरने की ठान लेते हैं, तो वे उसे पूरा करके ही दम लेते हैं मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि युवाओं का जोश इस बात को दर्शाता है कि वे विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हैं। संदेश यहीं है कि नशा पूर्णतः खत्म हो। उन्होंने कहा कि सिटी ब्यूटीफूल चंडीगढ़ में नशे रूपी कुरीति की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी सरकार ने नशे के खिलाफ जन जागरण अभियान चला रखे है, इस अभियानों को आमजन का खूब समर्थन मिल रहा है। पैदल मार्च में पंजाब राज्यपाल औऱ केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब के सीएम भी मौजूद रहे।

■ प्रधानमंत्री मोदी देश में नशे के खिलाफ अभियान चला रहे

समाज को स्वस्थ व सशक्त बनाने के लिए नशे का करें त्याग : दत्तात्रेय

चंडीगढ़। नशीली दवाओं के दुरुपयोग के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने और चंडीगढ़ को भारत का पहला ड्रग-फ्री शहर बनाने के उद्देश्य से शनिवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 17 स्थित तिरंगा पार्क में ड्रग फ्री चंडीगढ़ के लिए पदयात्रा का आयोजन किया गया। वॉक का नेतृत्व पंजाब के राज्यपाल और यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने किया। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है जो न केवल व्यक्ति को, बल्कि उसके परिवार, समाज और पूरे राष्ट्र को खोखला करती है। यह हमारे युवाओं की ऊर्जा, उनकी प्रतिभा और उनके सपनों को छीन लेती है। राज्यपाल ने युवाओं से नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को इसके खतरों के बारे में जागरूक करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज की यह वॉकथॉन समाज में बड़ा बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह आयोजन लोगों को नशे से दूर रहने व समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करेगा। इस मौके पर चंडीगढ़ प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

हरियाणा की फिल्म नीति से कलाकार प्रोत्साहित : मिश्रा

■ दिल्ली सरकार के मंत्री ने किया पैवेलियन का दौरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुंबई स्थित जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में चल रही चार दिवसीय वेव्स समिट (वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट) में आज दिल्ली के कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री कपिल मिश्रा ने हरियाणा पवेलियन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा के महानिदेशक केएम पांडुरंग से मुलाकात की। पांडुरंग ने उन्हें हरियाणा फिल्म पॉलिसी की प्रति भेंट की। कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने हरियाणा पवेलियन की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा आज हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई नई पहल अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा पैवेलियन में सरकारी योजनाओं के साथ-साथ हरियाणा फिल्म पॉलिसी का बेहतरीन प्रस्तुतीकरण किया गया है। मिश्रा ने कहा कि हरियाणा की नई फिल्म पॉलिसी से न केवल हरियाणा के कलाकारों और युवाओं को लाभ मिलेगा बल्कि फिल्म उद्योग को भी इसका फायदा होगा।

■ महानिदेशक केएम पांडुरंग ने कपिल मिश्रा को भेंट की हरियाणा फिल्म पॉलिसी की प्रति

फिल्म शूट करने के लिए समयबद्ध ढंग से स्वीकृति दी जा रही

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश की सभी महत्वपूर्ण साइट्स पर फिल्म शूट करने के लिए समयबद्ध ढंग से स्वीकृति दी जा रही है और हरियाणा में फिल्म शूट करने वाले निर्माता-निर्देशकों को सब्सिडी का लाभ देने की जो फिल्म पॉलिसी बनाई गई है वह बहुत सराहनीय है। इस मौके पर विभाग संयुक्त निदेशक नीरज, उप निदेशक डॉ. पवन सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

बारिश ने खोली अनाज मंडियों में समुचित प्रबंधों की पोल : सैलजा

■ गेहूं की गुणवत्ता खराब होने का नुकसान किसानों व व्यापारियों को झेलना पड़ेगा

चंडीगढ़। सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश की अनाज मंडियों में सरकार की ओर से कैसी व्यवस्था की है कि इसकी पोल एक ही दिन की बारिश ने खोलकर रख दी है। समय पर उठान न होने के कारण मंडी में गेहूं बारिश में भीगकर खराब हो रहा है। आखिर इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा, बारिश से गेहूं खराब होने को लेकर किसानों और आढ़तियों में भारी रोष है क्योंकि भीगने से गेहूं की गुणवत्ता घटेगी, तो उसका नुकसान या तो किसानों को झेलना पड़ेगा या फिर व्यापारियों को जबकि तुलाई के बाद किसान की जिम्मेदारी खत्म हो जाती है। सैलजा ने कहा है कि अनाज मंडियों में व्यापक प्रबंध न होने पर उनकी ओर से पहले भी कई बार यह मुद्दा उठाया था कि सरकार द्वारा मंडियों की सुध ली जा रही है जिससे पूरा उठान भी नहीं हो पा रहा है। अब जब किसानों की मेहनत बर्बाद हो रही है, क्या किसी की कोई जवाबदेही तय होगी? भाजपा सरकार बिना देरी के इस व्यवस्था को सुधारे ताकि मंडियों में पड़ा अनाज यूं ही खराब न हो। समय पर उठान न होने के कारण अनाज मंडियों में गेहूं बारिश में भीग कर खराब हो रहा है। एक दिन की बारिश में ही भाजपा सरकार के तमाम दावों की पोल खुल गई। इसे लेकर किसानों और व्यापारियों में गुस्सा हैं।

विद्यालयों को छात्रों का विवरण 15 तक करना होगा अपलोड

■ चिराग योजना के तहत पांचवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों को दी जाएगी नि:शुल्क शिक्षा

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत, सहायता एवं अनुदान चिराग स्कीम के तहत शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में कक्षा पांचवीं से बारहवीं में मान्यता प्राप्त 689 निजी विद्यालयों में गरीब परिवारों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जानी है। शिक्षा विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि मौलिक शिक्षा निदेशालय द्वारा निजी विद्यालयों द्वारा दर्शायी गई सीटों पर दाखिला छात्रों का विवरण विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करवाने के लिए लिंक को 15 मई 2025 तक लाइव कर दिया गया है। उक्त लिंक तथा एमआईएस पर छात्रों का विवरण 15 मई तक अपडेट करवाने बारे संबंधित विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं। प्रवक्ता ने जानकारी दी गई है कि इस बारे में प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी विद्यालयों से डाटा अपडेशन की दैनिक रिपोर्ट प्राप्त कर शिक्षा निदेशालय को अवगत करवाना सुनिश्चित करें, ताकि डाटा अपडेशन अनुसार दाखिल छात्रों की फीस प्रतिपूर्ति राशि का क्लेम विद्यालयों को जारी किया जा सके। कक्षा पांचवीं से बारहवीं में सहमति प्राप्त मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों द्वारा 15 से 31 मार्च तक छात्रों के आवेदन प्राप्त करने हेतू तथा 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक दाखिले की प्रक्रिया संपन्न की जानी थी।

अंत्योदय कल्याण के प्रति सरकार वचनबद्ध

चंडीगढ़। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि ईमानदारी, कर्मठता और मेहनत की बदौलत सैनी समाज की हमेशा अपनी विशेष पहचान रही है। महाराजा शूरसैनी के वंशज सैनी समाज की आपसी भाईचारा और मिलनसार व्यवहार भी खूब है। कृष्ण बेदी शनिवार को नरवाना में आयोजित सैनी सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। महाराजा शूरसैनी, महात्मा ज्योतिबा फूले व माता सावित्री बाई फूले की शिक्षा आज भी बराबर प्रासंगिक है और वर्तमान सरकार इन्हीं महात्माओं द्वारा बताए आदर्शों का अनुसरण करते हुए जन कल्याण के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रही है। समाज के आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार वर्तमान सरकार की प्रतिबद्धता है। इस दिशा में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा अंत्योदय कल्याण के लिए गए फैसलों से नए सामाजिक उत्थान का सूत्रपात हो रहा है।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 99 दिनांक 01.05.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक ।

गुमशुदा की पहचान बारे

नाम अंश
पिता/पति- पुत्र रोकी
पता - निवासी सलारा मौहल्ला रोहतक
उम्र- 19 वर्ष
कद - 5 फुट 5 इंच ।
हुलिया - रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, BCA का छात्र है।
पहनावा काले रंग की शर्ट, काले रंग की पैंट व पैरों में सफेद रंग की चप्पल पहने हुए।

दिनांक 01.05.25 को अंश पुत्र रोकी निवासी सलारा मौहल्ला रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 8168655945

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 80 दिनांक 01.05.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना सिविल लाईन रोहतक ।

गुमशुदा की पहचान बारे

नाम - सुमित
पिता/पति- पुत्र श्याम प्रकाश
पता - निवासी छोटूराम नगर रोहतक
उम्र 19 वर्ष
कद- 5 फुट 3 ईंच ।
हुलिया - रंग सांवला, गोल चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर
पहनावा सफेद रंग की पैंट, ब्राउन पैंट, गले में परना लिए हुए व पैरों में जूते पहने हुए।

दिनांक 01.05.25 को सुमित पुत्र श्याम प्रकाश निवासी छोटूराम नगर रोहतक बिना किसी को बताए उसके कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है । यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन रोहतक- 7082999117
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना सिविल लाईन रोहतक- 7015911371

कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 41 दिनांक 08.03.25 धारा 109(2), 115(2), 333,3(5) BNS 2023 थाना सिविल लाईन रोहतक ।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.03.2025 को दयाल मैडिकल मोड रोहतक के पास रात के समय वारदात हुई थी जिसमे वांछित अपराधियों की सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हुई है विडियो से फोटो लेकर प्रसारण करवाया जा रहा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन रोहतक- 7082999117
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सिविल लाईन रोहतक- 7015911371

पीआरडीएच-1084/11/3331/2026/34415/88/6 दि. 02.05.2025

हरियाणा विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा : गुर्जर

चंडीगढ़- फरीदाबाद। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले के राज्य मंत्री राजेश नागर ने शनिवार को जिला फरीदाबाद के सेहतपुर पल्ला में सीवरेज और पीने के पानी की लाइन डालने के कार्य का स्थानीय लोगों के हाथों से नारियल तुड़वाकर शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि पल्ला से सेहतपुर तक सीवर लाइन और पीने के पानी की पाइप लाइन डालने के दो महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया गया। इन विकास कार्यों पर सरकार द्वारा लगभग 5 करोड़ 43 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें सीवर लाइन बिछाने पर लगभग 3 करोड़ 14 लाख रुपये तथा पीने के पानी की लाइन डालने पर लगभग 2 करोड़ 29 लाख रुपये की लागत आएगी। इन कार्यों का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ हो और हर घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

दिगंबर जैन समाज ने लगाया लंगर

चंडीगढ़। श्री दिगम्बर जैन मंदिर, सेक्टर 27, चंडीगढ़ में दो दिवसीय अक्षय तृतीया महोत्सव आयोजित किया गया। अहिंसा चैरिटेबल सेवा समिति चंडीगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान जहां समिति की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया था। समिति की ओर से चंडीगढ़ सेक्टर 27 और अन्य दो स्थानों पर गर्मी में लोगों को ठंडा जल, गन्ने का रस और भंडारा लगाया गया था। दिगम्बर जैन मंदिर, सेक्टर 27 में आयोजित अक्षय तृतीया एवं प्रथम तीर्थंकर भगवान 1008 ऋषभ देव जी के प्रथम पारणा दिवस के पावन अवसर आयोजित कार्यक्रम का शुक्रवार को समाप्त हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत 30 अप्रैल को भगवान ऋषभ देव जी को इक्षु रस (गन्ने का रस) अर्पित कर की गई। इसके बाद में भंडारे का उद्घाटन सेक्टर 44, चंडीगढ़ निवासी त्रिशला जैन द्वारा रिबन काटकर किया गया। समिति द्वारा उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रधान नवरत्न जैन एवं राजेन्द्र प्रसाद जैन को भी जैन धर्म की प्रभावना हेतु विशेष सम्मान प्रदान किया गया। आयोजन में लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने इक्षु रस एवं खीर के प्रसाद का लाभ उठाया।

जलभराव पर जिम्मेदारी तय की जाएगी : राव नरबीर

चंडीगढ़। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने गुरुग्राम में शुक्रवार को हुई बेमौसम बारिश के उपरांत शहर के प्रमुख स्थानों पर जलभराव की स्थिति व उसके निवारण की दिशा में संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे प्रबंधों का आज स्वयं फील्ड में उतर कर जायजा लिया। मंत्री के निरीक्षण दौरे में गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा निगम आयुक्त अशोक गर्ग सहित नगर निगम गुरुग्राम, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण तथा जिला प्रशासन के प्रमुख अधिकारीगण भी मौजूद रहे। मंत्री राव नरबीर सिंह ने निगम आयुक्त तथा गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गुरुग्राम में जलभराव वाले प्रत्येक चिन्हित स्थान पर एक-एक अधिकारी की जिम्मेदारी तय करें, ताकि बरसात के समय इन स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सरकार के स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। राव नरबीर ने कहा कि कोई अधिकारी तबादले का बहाना नहीं बना पाएगा।

पंजाब के खिलाफ हरियाणा मुखर- पानी रोकना सहन नहीं

■ हरियाणा में भवन में हुई सर्वदलीय बैठक में सत्ता व विपक्ष एकजुट ■ पानी की किल्लत के लिए पंजाब को जिम्मेदार ठहराया

पंजाब ने अपनी संस्कृति को छोड़कर हरियाणा के लोगों के पीने वाले पानी का गिलास छीन लिया

चंडीगढ़। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पंजाब सरकार द्वारा भाखड़ा डैम पर पहरा लगा कर सुरक्षा बढ़ाने और पानी न देने के फैसले को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पंजाब की संस्कृति तो छबील लगाकर प्यासे को पानी पिलाने की थी, लेकिन आज इस पंजाब ने हरियाणा के लोगों के पीने वाले पानी का गिलास छीन लिया है। विज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने पंजाब सरकार को नसीहत दी कि संघीय संरचना (फेडरल स्ट्रक्चर) में हम मैं-मैं करके नहीं जी सकते, हम किसी न किसी रूप में अपने पड़ोसी प्रांतों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा जैसे आपने (पंजाब ने) हमारा पानी रोका है अगर हम आपकी रेल रोक ले, आपकी सड़के रोक दे तो आपका क्या हाल होगा, हालांकि हम ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि हम देश की संघीय संरचना को मानते हैं।

भाखड़ा का पूरा पानी लाना सुनिश्चित करे सरकार, जेजेपी हर फैसले में साथ : दुष्यंत

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी ने मौजूदा जल संकट के विषय पर राज्य सरकार को पूरा समर्थन देने का भरोसा दिया है। मांग उठाई है कि पंजाब के साथ जल समझौतों को पूरी तरह लागू करवाने के लिए हरसंभव कदम उठाए। सर्वदलीय बैठक में जजपा की तरफ से पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा ने हिस्सा लिया। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार को भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड में हरियाणा के अधिकारियों की संख्या बढ़ानी चाहिए ताकि हमारे अधिकारी अपने राज्य के हक के पानी के लिए बेहतरी से पैरवी कर पाए। उन्होंने कहा कि पंजाब का फैसला तानाशाही दिखाता है।

पंजाब का संघीय ढांचे में कोई विश्वास नहीं : रामपाल माजरा

चंडीगढ़। हरियाणा को पंजाब द्वारा भाखड़ा का पूरा पानी न देने पर सरकार द्वारा शनिवार को बुलाई सर्वदलीय बैठक में इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा और विधायक आदित्य देवीलाल ने शिरकत की। माजरा ने बताया कि सर्वदलीय बैठक में उन्होंने पानी के मुद्दे को बड़ी गहनता से उठाया। पंजाब का संघीय ढांचे में कोई विश्वास नहीं है।

कम्युनिस्ट पार्टी ने दिए अहम सुझाव

चंडीगढ़। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी हरियाणा के प्रतिनिधि मण्डल ने पानी के मुद्दे को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा बुलाई बैठक में मूल्यवान सुझाव दिए। प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के राज्य सचिव प्रेमचन्द व राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड ओमप्रकाश शामिल हुए। उन्होंने बैठक में कहा कि पिछले कुछ समय से हरियाणा राज्य के कई जिलों में नहरी पानी की भारी किल्लत दिन प्रतिदिन विकट से विकटतम होती गई है।

परिसर के लगभग 600 एकड़ एरिया में तीन स्थानों पर शुक्रवार को तीन पिंजरे लगा दिए थे

रोहतकः आईएमटी के मारुति प्लांट में घुसी अरावली रेंज की मादा तेंदुआ को पकड़ा, शिवालिक की पहाड़ियों में छोड़ा, मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आईएमटी के मारुति प्लांट परिसर में घुसी मादा तेंदुआ को वन्य प्राणी विभाग की टीम ने रेसक्यू करके कलेसर नेशनल पार्क(अरावली रेंज) में छोड़ दिया। इसे काबू करने के लिए विभाग ने मारूति परिसर के लगभग 600 एकड़ एरिया में तीन स्थानों पर शुक्रवार को तीन पिंजरे लगा दिए थे। शनिवार सुबह छह बजे के करीब जब टीम पिंजरों की जांच के लिए पहुंची तो एक पिंजरे के अंदर तेंदुआ मिली। मामले की जानकारी टीम ने मारुति प्रबंधन को दी और उसे रेसक्यू करके कलेसर नेशनल पार्क के लिए निकल पड़ी। दोपहर बाद तेंदुए को जंगल में छोड़ दिया गया। तंदुए काबू में आने के बाद मारुति प्रबंधन और वन्य प्राणी विभाग ने राहत की सांस ली है। पशु की हिंसकता को देखते हुए मारुति प्रबंधन ने अपने कर्मचारियों की दो दिन की छुट्टी कर दी थी।

- गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल में आमतौर पर तंदुए दिखाई देते हैं

रोहतक। वन्य प्राणी विभाग की टीम के पिंजरे में कैद तेंदुआ। फोटो : हरिभूमि

दहशत में आ गए थे कर्मचारीः वीरवार को प्लांट के सीसीटीवी कैमरों में प्रबंधन ने तेंदुआ घूमता देखा

कुंडली-मानेसर-पलवल रोड के साथ प्लांट तक पहुंची

वन्य प्राणी विभाग का अनुमान है कि कुंडली-मानेसर-पलवल रोड के साथ तेंदुआ मारुति प्लांट तक पहुंचा। इस मार्ग के साथ गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल में आमतौर पर तंदुए दिखाई देते हैं। वाइल्ड लाइफ इंस्पेक्टर देवेंद हुड्डा का कहना है कि मादा पूरी तरह से स्वस्थ थी। और इसे कलेसर के जंगलों में छोड़ दिया गया है। इन्होंने कहा कि मादा तेंदुआ अरावली रेंज से भटकती-भटकती रोहतक तक पहुंच गई थी। चूंकि मादा को दूसरे जंगलों में एडजस्ट होने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होती है। इसलिए इसे शिवालिक रेंज में छोड़ा गया है।

ये था मामला

ध्यान रहे कि वीरवार को मारुति प्लांट के सीसीटीवी कैमरों में प्रबंधन ने एक तेंदुआ घूमता हुआ दिखाई दिया। प्रबंधन ने इसकी जानकारी तुरंत वन्य प्राणी विभाग को दी। वीरवार की रात ही वन्य प्राणी विभाग की टीम मारुति परिसर पहुंची। लेकिन पिंजरे नहीं लगाए जा सके। क्योंकि रात में मौसम काफी खराब था। शुक्रवार सुबह पकड़ने के लिए तीन पिंजरे लगाए। पिंजरों में बकरी बांधी। क्योंकि बकरी तेंदुए का प्रिय आहार होती है। शुक्रवार को दिनभर तेंदुए ने कोई गतिविधि नहीं की। इसके बाद वन्य प्राणी विभाग ने रात होने का इंतजार किया। क्योंकि

जंगली जानवर रात में ही शिकार करते हैं। रात में दो-तीन बार पिंजरे का निरीक्षण किया। इसके बाद जब सुबह छह बजे एक बार फिर से टीम इंसपेक्शन कर रही थी तो पिंजरे में तेंदुआ बंद मिला। इसके बाद टीम ने पुष्टि की कि मादा तेंदुआ है।

खबर संक्षेप

पत्नी का गला घोंट कर की हत्या, आरोपी दबोचा

जींद। गांव जाजवान में घरेलू कलह के चलते पति ने पत्नी की गला घोंट का हत्या की थी। आरोपित पति की गिरफतारी के बाद शनिवार को मायका पक्ष मोर्चरी से मृतका के शव को उठाने को राजी हुआ। ससुराल पक्ष पंचायत ने मृतका के अंतिम संस्कार में शामिल होने बात कही तो मायका पक्ष ने स्पष्ट चेतावनी दे डाली। दोनों पक्षों के बीच माहौल भी गर्म हुआ। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियो दोनो पक्षो को शांत किया। शव को मोर्चरी से उठा ले जाने पर पुलिस ने भी राहत की सांस ली।

बुलेट का 45 हजार रुपये का काटा चालान

नारनौंद। ट्रैफिक पुलिस ने इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रामनिवास के नेतृत्व में खांडा मोड़ ट्रेफिक पुलिस नाके पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने शहर के खांडा मोड़ पर एक बुलेट बाइक का 45 हजार रुपये का चालान काटा और बाइक को इंपाउंड कर पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। बुलेट बाइक से पटाखे बज रहे थे और उसका साइलेंसर बदला हुआ था। वही बाइक पर प्रेशरहॉर्न भी लगा हुआ था। वहीं एक अन्य बाइक का 23500 रुपये का चालान काटा गया है। बाइक पर तीन युवक सवार थे और बाइक का कोई भी कागजात नहीं मिला।

ट्रक की टक्कर से बाल-बाल बचा चालक

गुरुग्राम। बिलासपुर थाना एरिया में मानेसर टोल करने के दौरान एक ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। गनीमत रही कि इस हादसे में कार चालक चोटिल होने से बच गया। कार चालक की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में डीएलएफ फेज-5 निवासी मनोज जैन ने बताया कि वह खरखौदा से मानेसर जा रहा था। जब वह मानेसर टोल के पास पहुंचा तो एक ट्रक ने उसकी कार को टक्कर मार दी। इसमें हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई। जांच अधिकारी सुरेश ने बताया कि टोल के पास सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है ताकि इस हादसे के बारे में सही जानकारी मिल सके।

भीगा गेहूं गोदाम में रखने को लेकर डीएम और व्यापारी आमने-सामने

व्यापारियों ने डीएम पर गाली गलौच तो डीएम ने ब्लैकमेलिंग का लगाया आरोप

व्यापार मंडल के एक गुट ने हैफेड सोसायटी भूना कार्यालय के सामने करीब दो घंटे तक धरना दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

बारिश में भीगी गेहूं की बोरियों को गोदाम में रखने से इनकार करने पर शनिवार को हैफेड के जिला प्रबंधक राजेश कुमार हुड्डा और व्यापारियों के बीच विवाद हो गया। व्यापार मंडल के प्रधान अजय कुमार ने आरोप लगाया कि डीएम ने व्यापारियों से गाली गलौज की। वहीं डीएम ने कुछ व्यापारियों पर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया। डीएम राजेश हुड्डा ने कहा कि बारिश में भीगी गेहूं को गोदाम में रखने के लिए धरना प्रदर्शन कर दबाव बनाया जा रहा है।, लेकिन खराब गेहूं को किसी भी हालत में गोदाम में नहीं रखा जाएगा। क्योंकि इससे दूसरी गेहूं भी खराब हो सकती है। गोदाम इंचार्ज को इसका नुकसान उठाना पड़ेगा। इस विवाद के बाद व्यापार मंडल के एक गुट ने हैफेड सोसायटी भूना कार्यालय के सामने करीब दो घंटे तक धरना दिया। व्यापार मंडल प्रधान अजय कुमार, अशोक भूटानी, धर्मबीर दहिया, कुलदीप सिंह, सुभाष जग्गा, अमित कुमार, घनश्याम, कमल सिंह, सुरेंद्र सिंह, दलबीर सिंह, हरबंस सिंह, प्रवीण कुमार, रामनिवास और राजेश कुमार ने बताया कि अनाज मंडी से बाहर प्लींथ केंद्र से ठेकेदार ने गेहूं की लिफ्टिंग बंद कर दी है। इससे व्यापारियों को परेशानी हो रही है।



भूना। हैफेड सोसायटी भूना कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते व्यापारी।

खराब गेहूं को गोदाम में नहीं लगाएंगे : डीएम

डीएम राजेश कुमार हुड्डा ने कहा कि उन्होंने किसी को गाली नहीं दी। आरोप बेबुनियाद हैं। कुछ व्यापारियों की गेहूं बारिश में भीग गई थी। गाडियों में भरकर गोदाम लाई जा रही थी। गोदाम इंचार्ज ने गेट पास देने से मना कर दिया। अगर यह गेहूं गोदाम में रख दी जाती तो सड़ जाती और दूसरी गेहूं भी खराब हो जाती, इसलिए भीगी गेहूं को हवा लगने के बाद ही गोदाम में रखा जाएगा। कुछ व्यापारी धरना देकर दबाव बना रहे हैं, जो सफल नहीं होगा।

डीएम आकर स्पष्टीकरण दें : अजय

व्यापारियों ने कहा कि मंडी में जगह नहीं है। हर साल व्यापारी प्लींथ केंद्रों पर किसानों की गेहूं डालकर सरकार को बेचते हैं। पहले खरीद और लिफ्टिंग का काम ठीक चल रहा था। शुक्रवार से ठेकेदार ने गेहूं उठाना बंद कर दिया, जबकि ठेकेदार और व्यापारियों के बीच समझौता हुआ था। इसके तहत प्लींथ केंद्र पर 50 पैसे प्रति बैग ज्यादा दिए जा रहे थे। व्यापारियों का आरोप है कि जब उन्होंने डीएम से बात की तो उन्होंने गाली गलौज की। प्रधान अजय कुमार ने कहा कि अधिकारी समाधान की बजाय विवाद बढ़ा रहे हैं, इसलिए व्यापारियों को धरना देना पड़ा। एसडीएम के आश्वासन पर सोमवार तक धरना स्थगित किया गया है। आश्वासन दिया गया है कि समस्या का हल निकाला जाएगा। अगर डीएम ने गाली दी है तो वह खेद प्रकट करेंगे।

भूना। बारिश से भीगी हुई गेहूं की बोरियां। फोटो : हरिभूमि

- चिकित्सक की पर्ची तथा एमपीटी किट का बिल दिखाने में नाकाम रहा केमिस्ट

जींद। कार्रवाई करते हुए टीम। फोटो : हरिभूमि

स्वास्थ्य विभाग ने पकड़ा कोख में मौत का सामान

बिना चिकित्सक की पर्ची के 800 में दे दी एमपीटी किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सफीदों में फर्जी ग्राहक भेज कर केमिस्ट को बिना चिकित्सक की पर्ची के एमपीटी किट बेचते पकड़ा है। केमिस्ट किट का बिल भी दिखाने में नाकाम रहा। जिला ड्रग कंट्रोलर की शिकायत पर शहर थाना सफीदों पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्वास्थ्य विभाग को सूचना मिली थी कि सफीदों के हाजी वाला कुआं के निकट केमिस्ट की दुकान चलाने वाला बोधराज बिना चिकित्सक पर्ची के एमपीटी किट बेचता है। जबकि बिना पर्ची के एमपीटी किट देना जुर्म है। एमपीटी किट का रिकार्ड भी होना जरूरी है। इसी आधार पर जिला ड्रग कंट्रोलर गीता गोयल व डा. प्रीति की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने योजना के तहत फर्जी ग्राहक को तैयार किया और दुकान के निकट अपनी फिल्डिंग लगा ली। जिसके बाद फर्जी ग्राहक को बोधराज केमिस्ट की दुकान पर एमपीटी किट लेने भेजा गया। केमिस्ट बोधराज ने बिना चिकित्सक की पर्ची के फर्जी ग्राहक को 800 रुपये में एमपीटी किट थमा दी। इशारा मिलते ही फिल्डिंग लगाए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कैमिस्ट की दुकान में दस्तक दी और एमपीटी किट तथा 800 रुपये की राशि को कब्जे ले लिया। टीम ने जब कैमिस्ट बोधराज से एमपीटी किट को लेकर चिकित्सक की पर्ची तथा एमपीटी किट का बिल मांगा तो वह दिखाने में नकाम रहा है।

जांच की जा रही

शहर थाना सफीदों पुलिस ने जिला ड्रग कंट्रोलर सीमा गोयल की शिकायत पर केमिस्ट बोधराज के खिलाफ पीएनडीटी एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई की सिफारिश की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एक करोड़ रुपये की ठगी में साइबर टीम ने कानपुर से दो को दबोचा

हरिभूमि न्यूज. फरीदाबाद

निवेश करवाने के बहाने लाखों रुपये की ठगी के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना सेंट्रल में सेक्टर-14 फरीदाबाद निवासी व्यक्ति ने आरोप लगाया कि डेटिंग एप पर उसकी लड़की से बात हुई, जिसके बाद व्हाट्सएप पर बातें होने लगी।

- आरोपियों को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया

उसने शिकायतकर्ता को ट्रैडिंग कर मुनाफा कमाने की बात कही और उसने शिकायतकर्ता के पास एप का लिंक भेज कर लॉगिन करवाया। शिकायतकर्ता के 1,10,85,600 रुपये को ठगों के खाता में भिजवाया। जब पैसे निकालने को कहा तो

ठगी करने का आरोपी साइबर थाना सेंट्रल की गिरफ्त में।

उससे 24 लाख की मांग की गई। जिसके बाद उसे पता चला कि उसके साथ फ्रॉड हुआ है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सत्यम व राज कपूर निवासी कानपुर उतर प्रदेश को कानपुर से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पाया गया कि आरोपी राज कपूर ठगों के लिए खाता उपलब्ध करवाता था और इसने सत्यम का खाता लेकर आगे ठगों को दिया था जिसके खाता में ठगी के 10 लाख आये थे। अधिक पूछताछ के लिए आरोपियों को 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

फतेहाबाद में 13 साल की बेटी को बनाया हवस का शिकार

फतेहाबाद। फतेहाबाद में जाखल क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीय किशोरी के साथ उसके पिता द्वारा रेप का मामला सामने आया है। इस मामले पीड़िता की मां की शिकायत पर जाखल पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता की मां पिछले 15 दिनों से अपने मायके गई हुई थी। इस दौरान घर में उसकी 13 वर्षीय बेटी और पति मौजूद थे। एक मई को रात करीब 8 बजे पीड़िता और उसके पिता कमरे के बाहर सो रहे थे। तेज हवा चलने के कारण पिता ने बेटी को कमरे में सोने को कहा। आरोप है कि इसी दौरान पिता ने बेटी के साथ रेप किया। आरोपी पिता ने किसी को बताने पर बेटी को जान से मारने की धमकी भी दी। जब मां शुक्रवार को मायके से लौटी, तो बेटी ने उसे पूरी घटना बताई। मां ने अपने भाई से इस बारे में बात की। इसके बाद पीड़िता और उसकी मां ने अपने मामा के साथ थाने में जाकर शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में जाखल पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- पीड़िता और उसकी मां ने मामा के साथ थाने में जाकर शिकायत दर्ज करवाई

बावल में तैयारियों का जायजा लेते अफसर

आज प्रदेश के 162 केंद्रों पर होगी नीट यूजी परीक्षा

- परीक्षा को लेकर प्रशासन अलर्ट
- परीक्षा के दौरान रहेगी निषेधाज्ञा
- 60 हजार से अधिक देंगे एग्जाम

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने 4 मई 2025 को होने वाली नीट (यूजी) परीक्षा का सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। प्रदेश भर में कुल 162 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 60,687 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केंद्रों पर कैमरा निगरानी व्यवस्था, कंट्रोल रूम की स्थापना और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। परीक्षार्थी को बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया से गुजरना होगा और मोबाइल फोन का प्रवेश पूरी तरह से निषेध होगा।

शव को कब्जे में लेकर पुलिस कार्रवाई में जुटी

स्कूल में शिक्षक ने जहर खाकर आत्महत्या की, साथी शिक्षकों पर प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नूंह

। उपमंडल के गांव खोरी खुर्द स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में ड्यूटी के दौरान जेबीटी शिक्षक जयपाल ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने मरने से पहले आठ पेज का सुसाइड नोट लिखा, जिसमें स्कूल के साथी शिक्षकों और स्टाफ पर प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए मजबूर करने का गंभीर आरोप लगाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

- टीचर ने मरने से पहले आठ पेज का सुसाइड नोट लिखा

जयपाल रेवाड़ी के रहने वाले थे

पुलिस के अनुसार, माजरा (रेवाड़ी) निवासी जयपाल, पुत्र ताराचंद, खोरी खुर्द स्कूल में जेबीटी शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। स्कूल परिसर में पेड़ काटने और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर उनके और अन्य शिक्षकों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे थे। शनिवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि जयपाल ने स्कूल में जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई।

शिक्षा विभाग और प्रशासन पर सवाल

इस घटना ने शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए हैं। जयपाल द्वारा पहले की गई शिकायतों पर कार्रवाई न होने से यह सवाल उठ रहा है कि क्या समय रहते कदम उठाए गए होते तो यह दुखद घटना टाली जा सकती थी।

सुसाइड नोट में यह लगाए गंभीर आरोप

जयपाल ने अपने सुसाइड नोट में स्कूल में व्याप्त अनियमितताओं को सुधारने की कोशिश करने पर बार-बार प्रताड़ित किए जाने का जिक्र किया। उन्होंने लिखा कि हर बार उन्हें स्कूल से हटाकर दूसरे स्कूल में भेज दिया जाता था। पेड़ काटने के मुद्दे पर भी उन्होंने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग में शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। सुसाइड नोट में जयपाल ने बताया कि शिकायत की जांच के लिए आए एक शिक्षक ने उन्हें धमकाया, जबकि स्कूल स्टाफ ने गाली-गलौज और मारपीट की। विरोध करने पर वीडियो बनाने की धमकी दी गई। जयपाल ने सुसाइड नोट में जितेंद्र दलाल, प्रिंसिपल सुमन शर्मा, महेंद्र पीटीआई शर्मा और जांच टीम के रमेश गेरा का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि इन्होंने झूठे आरोपों में फंसाने की धमकी दी और उनका दुष्प्रचार किया। इन सबके चलते उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ा। पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि सुसाइड नोट में लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

कैथल में कार पेड़ से टकराई युवक की मौत, तीन घायल

कैथल। क्योड़क गांव में बरोट मार्ग पर शुक्रवार देर शाम एक ऑल्टो कार पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस कार को एक अन्य कार चालक ने टक्कर मार दी। इसके बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस कार में सवार चार युवक क्योड़क में बारात से वापस रायसन गांव जा रहे थे। नागरिक अस्पताल में एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अन्य का उपचार चल रहा है। करनाल के रायसन निवासी सुरेंद्र कुमार ने वह गांव के अमृत की बारात में गांव क्योड़क में आया था और उसके साथ भाई विनोद, अनिरुद्ध, अंकुश व अशोक भी क्योड़क में बारात में आए हुए थे। अनिरुद्ध, अंकुश, विनोद व अशोक ऑल्टो कार में बैठकर क्योड़क से रायसन के लिए चले थे और वह दूसरी गाड़ी में अन्य बारातियों के साथ उनकी गाड़ी के पीछे चले रहे थे । जब वे क्योड़क से करीब दो किलोमीटर दूर बरोट गांव वाली सड़क पर पहुंचे तो पीछे से आ रही एक स्वीफिट कार चालक ने उनकी गाड़ी को क्रॉस करके तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए उनके सामने आगे चल रही आल्टो कार को पीछे से टक्कर मारी जिस कारण ऑल्टो कार घुमकर सड़क के साइड में खदानों में खड़े सफेदों के पेडों से जा टकराई। इस हादसे में भाई विनोद सहित अनिरुद्ध, अंकुश व अशोक घायल हुए। सभी को जिला नागरिक अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां उसके भाई विनोद को मृत घोषित किया गया। जबकि अन्य तीन युवकों का इलाज जारी है। मामले में थाना प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि अज्ञात कार चालक पर केस दर्ज जांच शुरू कर दी है।

राइस मिल में लगी आग से करोड़ों रुपये का सामान राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव बरोट में शुक्रवार रात करीब 10 बजे जीविशा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड (राइस मील) में बिजली के शार्ट सर्किट के कारण गोदाम में भीषण आग लग गई। लपटों की आंच करीब 100 फीट की दूरी तक लग रही थी। गोदाम में लगी आग से जीविशा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक अमरजीत छाबड़ा का करीब छह करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इस आग के कारण गोदाम में रखा लाखों का बारदाना व करोड़ों रुपये की धान व चावल करेटों सहित आग की भेंट चढ़ गई।

आग इतनी भंयकर थी कि दमकल की आठ गाड़ियों ने सारी रात में आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाने के लिए जहां दमकल की गाडियां रात भी लगी रही। वहीं, तीन जेसीबी मशीन की सहायता से गोदाम की दीवारों को गिराया गया। अगजनी की सूचना पाकर ढांड के नायब तहसीलदार अचिन दल बल सहित मौके पर पहुंचे और सहायता कार्यों में जुटे। मौके पर पटवारी भूप सिंह, ढांड पुलिस के एएसआई बलजोर सिंह पुलिस बल सहित तैनात रहे।

सीवन, ढांड, पूंडरी, राजौंद, कलायत से भी बुलाई बिग्रेड की गाड़ियां

इस बारे में जब फायर आफिसर उत्कर्ष से बात की गई तो उन्होंने जैसे ही राइस मील के गोदाम में आग लगने की सूचना मिली तो वे मौके पर पहुंचे। मौके पर देखा तो आग ज्यादा फैल रही थी। इसके बाद उन्होंने आसपास के स्टेशन सीवन, ढांड, पूंडरी, राजौंद, कलायत पर फोन किया और वहां से फायर बिग्रेड की गाड़ियों को बुलाया गया। विभाग की आठ गाड़ियों ने पूरी रात लगातार आग बुझाने का काम किया। आग ज्यादा लगी होने के कारण जेसीबी मशीन की मदद से दीवारों को भी गिराया गया। फायर आफिसर उत्कर्ष बताया कि गनीमत यह भी रही कि उन्हें आग बुझाने के लिए पानी राइस मिल के बाहर ही मिल गया। जिससे उन्हें आग बुझाने में काफी आसानी रही। शनिवार को भी अभी तक विभाग की चार गाड़ियां मौके पर आग बुझाने में लगी हुई है।

वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने में सेबी की मदद करेगा आईसीएआई

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने शनिवार को कहा कि संस्थान वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के संबंध में एक कार्य समूह का गठन करेगा और विभिन्न पहलुओं को अंतिम रूप देने के लिए सेबी के साथ चर्चा करेगा।

चार्टर्ड अकाउंटेंट की शीर्ष इकाई आईसीएआई वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने में बाजार नियामक सेबी की मदद के लिए एक शोध पत्र तैयार करेगी। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने शनिवार को कहा कि संस्थान वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के संबंध में एक कार्य समूह का गठन करेगा और विभिन्न पहलुओं को अंतिम रूप देने के लिए सेबी के साथ चर्चा करेगा। नंदा ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कार्य समूह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को एक शोध पत्र प्रस्तुत करेगा। नंदा ने शुक्रवार को सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय के साथ बैठक की। हाल के वर्षों में, खुदरा निवेशकों सहित पूंजी बाजार में निवेश बढ़ा है। साथ ही, वित्तीय गड़बड़ियों और मूल्य हेरफेर के मामले भी सामने आए हैं। निवेशकों के हितों की रक्षा करने और वित्तीय बाजारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नियामकों द्वारा जनता को जागरूक करने और धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। आईसीएआई के 4.35 लाख से अधिक सदस्य और 10 लाख से अधिक छात्र हैं।

■ ईसीएआई के 4 .35 लाख से अधिक सदस्य और 10 लाख से अधिक छात्र हैं।

स्मार्टफोन, टैबलेट के लिए मरम्मत सूचकांक बनेगा, उपभोक्ताओं को खरीदारी में मिलेगी मदद

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

स्मार्टफोन और टैबलेट की मरम्मत में उपभोक्ताओं को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में सरकार द्वारा गठित एक समिति ने सिफारिश की है कि मूल उपकरण निर्माता इस उत्पाद श्रेणी में मरम्मत क्षमता सूचकांक की खुद घोषणा करें, ताकि ग्राहकों को इस बारे में पूरी जानकारी मिल सके।

समिति के सुझावों के अनुसार विनिर्माताओं को इस सूचकांक पर उपकरणों को रेटिंग देनी होगी। इससे पता चलेगा कि उपकरण के खराब होने पर उसकी मरम्मत की संभावना कितनी है। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को कहा गया कि मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र में मरम्मत क्षमता सूचकांक के लिए गठित समिति ने उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। खरे ने पहले कहा था कि मंत्रालय सिफारिशों की जांच करेगा और उसके अनुसार कुछ दिशानिर्देश जारी करेगा। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने सितंबर 2024 में अतिरिक्त सचिव भरत खेड़ा की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था। समिति ने कहा कि मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) को बिना किसी अतिरिक्त अनुपालन बोझ के मानक अंक मानदंडों के आधार पर मरम्मत क्षमता सूचकांक की घोषणा करनी होगी। इसके अलावा, समिति ने सुझाव दिया कि मरम्मत क्षमता सूचकांक को दुकानों, ई-कॉमर्स मंचों और उत्पादों पर क्यूआर कोड के रूप में दर्शाना चाहिए। बयान में कहा गया कि समिति की सिफारिशें उद्योग में नवाचार और कारोबारी सुगमता में किसी भी बाधा के बिना सर्वोत्तम वैश्विक प्रथाओं के अनुसार तैयार की गई हैं।

जियोस्टार ने तीन साल में 'कंटेंट' पर 10 अरब डॉलर का निवेश कियाः वाइस चेयरमैन

भाषा ▶▶| मुंबई

स्ट्रीमिंग मंच जियोस्टार ने तीन साल में भारत में कंटेंट में 10 अरब डॉलर का निवेश किया है। कंपनी के वाइस चेयरमैन उदय शंकर ने शनिवार को यह जानकारी दी। यहां पहले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के एक सत्र में उन्होंने कहा कि उद्योग को दो-तीन बड़े चालकों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, जिसमें भारतीय जरूरतों के अनुरूप अधिक कंटेंट बनाना शामिल है।

शंकर ने कहा, "वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों कंपनियों ने अकेले कंटेंट पर 25,000 करोड़ रुपये खर्च किए। पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में यह 30,000 करोड़ रुपये हो गया और चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए यह आंकड़ा 32,000-33,000 करोड़ रुपये से अधिक होगा।" उन्होंने कहा, "इसलिए, अकेले तीन वर्षों में हमने 10 अरब डॉलर से अधिक खर्च किए हैं।" उन्होंने कहा कि घरेलू स्क्रीन मनोरंजन या वीडियो मनोरंजन उद्योग वर्तमान में 30 अरब डॉलर का है, जबकि अमेरिका में इसका आकार लगभग 200 अरब डॉलर और चीन में 75 अरब डॉलर है। उन्होंने कहा कि भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप अधिक कंटेंट तैयार करने के अलावा हमें वितरण को और भी गहराई तक ले जाना होगा।

गोद लेने संबंधी परिदृश्य में बदलाव के कारण अधिक बच्चों को मिल रहे परिवार

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

■ कोविड काल के बाद जारी रहा और 2024-25 में रिकॉर्ड 4,515 बच्चों को गोद लिया

जन्म के मात्र एक दिन बाद माता-पिता द्वारा त्याग दिए गए बच्चे नीरज (बदला हुआ नाम) को 'टेढ़े घुटनों' संबंधी उसकी जन्मजात बीमारी के कारण कई साल तक किसी परिवार ने गोद नहीं लिया लेकिन अंततः 2021 में एक दंपति ने उसे अपनाकर नया जीवन दिया। मात्र एक दिन के नीरज को बाल देखभाल संस्थान में छोड़ दिए जाने के बाद से कई परिवार गोद लेने के इरादे से उसे देखने आए लेकिन उन्होंने उसकी चिकित्सकीय स्थिति को देखते हुए उसे नहीं अपनाया। अंततः 2021 में एक दंपति ने उसे अपने बच्चे के रूप में अपनाया और इसके बाद नीरज का जीवन बदल गया। उसके नए माता-पिता ने उसे तैराकी की कक्षाओं में दाखिला दिलाया, वे उसे नियमित जांच के लिए अस्पताल लेकर गए और उसे खूब प्यार दिया। आज चार साल बाद नीरज तैरना सीख रहा है, वह स्कूल के नाटकों में अभिनय करता है और एथलेटिक गतिविधियों में भाग लेता है। नीरज अकेला ऐसा बच्चा नहीं है, जिसकी यह कहानी है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत में पिछले एक दशक में अनाथ बच्चों को गोद लेने के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 4,515 बच्चों को गोद लिया गया। देश में 2015-16 में गोद लिए गए बच्चों की संख्या 3,677 थी जो 2018-19 में बढ़कर 4,027 हो गई थी। ताजा आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कोरोना वायरस महामारी के दौरान बच्चों को गोद लेने के मामलों में गिरावट आई थी, लेकिन गोद लिए बच्चों की संख्या में वृद्धि का सिलसिला कोविड काल के बाद जारी रहा और 2024-25 में रिकॉर्ड 4,515 बच्चों को गोद लिया गया। चालू वित्त वर्ष में अब तक अनाथ/परित्यक्त/सौंपे गए(ओएएस) श्रेणी से 420 बच्चों को पहले ही गोद लिया जा चुका है। इनमें से 342 बच्चों को प्रवासी भारतीय माता-पिता ने, आठ को अनिवासी भारतीयों (एनआरआई), छह को प्रवासी भारतीयों (ओसीआई) ने और 11 को विदेशियों ने गोद लिया है लेकिन इस प्रगति के बावजूद बच्चों को गोद लेने की मांग गोद लेने योग्य बच्चों की उपलब्धता से कहीं अधिक है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि बच्चों को गोद लेने में सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक चुनौती अनाथ बच्चों और गोद लेने के इच्छुक माता-पिता के बीच का अंतर है।

वाणिज्य मंत्रालय ने इंडो-यूएस ट्रेड वार्ता पर उद्योग से परामर्श किया

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्य मंत्रालय ने प्रस्तावित भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर दो मई को घरेलू उद्योग के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया और पारस्परिक रूप से लाभकारी तरीके से द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को और मजबूत करने के लिए सुझाव मांगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हितधारक परामर्श की अध्यक्षता मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल ने की। वे भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए भारत के मुख्य वार्ताकार भी हैं। अधिकारी ने बताया कि बैठक के दौरान वाणिज्य विभाग ने उद्योग प्रतिनिधियों को भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों से संबंधित हालिया घटनाक्रमों के बारे में जानकारी दी और पारस्परिक रूप से लाभकारी तरीके से उन्हें आगे बढ़ाने के लिए उनके विचार और सुझाव मांगे।विशेष सचिव ने उद्योग को आश्वासन दिया कि चल रही व्यापार वार्ताओं में उनकी राय को शामिल किया जाएगा। उद्योग मंडल- भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई),फिक्की, पीएचडीसीसीआई, इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन और एसोचैम सहित उद्योग निकायों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने विचार-विमर्श में भाग लिया। बीटीए के लिए संदर्भ शर्तों (टीओआर) को अंतिम रूप दिए जाने के बाद भारत और अमेरिका के बीच पहली आमने-सामने की बैठक पिछले महीने संपन्न हुई।

नेटफ्लिक्स ने भारत में निर्माण के जरिए दो अरब डॉलर का आर्थिक प्रभाव पैदा किया

मुंबई (भाषा)। नेटफ्लिक्स ने अपने भारतीय निर्माण से दो अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक प्रभाव पैदा किया। स्ट्रीमिंग मंच के सह-सीईओ टेड सारंडोस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने यहां जियो कन्वेंशन सेंटर में आयोजित विश्व ध्वनि दृश्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के उद्घाटन में कहा कि कंपनी ने देश में अपनी परियोजनाओं से 20,000 रोजगार के मौके तैयार किए। सारंडोस ने कहा, "2021 से 2024 तक, खासकर कोविड के बाद जब हालात सामान्य हो गए, भारत में हमारे निवेश से दो अरब अमेरिकी डॉलर का आर्थिक प्रभाव पैदा हुआ है। भारत में हमारे निर्माण से 20,000 से अधिक रोजगार तैयार हुए।" उन्होंने कहा कि पिछले साल वैश्विक स्तर पर तीन अरब घंटे भारतीय 'कंटेंट' देखा गया, जिसमें हर हफ्ते वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 में कम से कम एक भारतीय कंटेंट शामिल रहा। इस कार्यक्रम में अमेरिका भारत व्यासायिक परिषद (यूएसआईबीसी) ने कहा कि भारत और अमेरिका एक जीवंत और प्रौद्योगिकी आधारित रचनात्मक अर्थव्यवस्था को आकार दे रहे हैं।

यूएसआईबीसी के कार्यकारी निदेशक जैकब गुलिश ने कहा कि भारत कहानी कहने में बेजोड़ है, जबकि अमेरिका के पास अत्याधुनिक तकनीक है। इस मौके पर यूएसआईबीसी ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ साझेदारी में शुक्रवार को 'अमेरिका-भारत रचनात्मक प्रदर्शन' की मेजबानी की। इसमें मीडिया, मनोरंजन, गेमिंग और रचनात्मक प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग पर प्रकाश डाला गया।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

एसबीआई का मुनाफा मार्च तिमाही में मार्जिन कम होने से घटा

भाषा ▶▶| मुंबई

शेट्टी ने कहा कि बैंक नए वित्त वर्ष के लिए 12-13 प्रतिशत ऋण वृद्धि का लक्ष्य बना

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में 8.34 प्रतिशत घटकर 19,600 करोड़ रुपये रह गया, जो एक साल पहले समान तिमाही में 21,384 करोड़ रुपये था।

बैंक ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि शुद्ध ब्याज मार्जिन में गिरावट के कारण यह गिरावट आई है।

देश के सबसे बड़े ऋणदाता का एकल आधार पर शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में घटकर 18,642 करोड़ रुपये रह गया, जो एक साल पहले समान तिमाही में 20,698 करोड़ रुपये था। बैंक ने बताया कि कम शुद्ध ब्याज मार्जिन के कारण 12 प्रतिशत से अधिक की ऋण वृद्धि के बावजूद बैंक की मुख्य शुद्ध ब्याज आय 2.69 प्रतिशत बढ़कर 42,775 करोड़ रुपये हो गई। एनआईएम 0.32 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3.15 प्रतिशत पर आ गया। हालांकि, एकीकृत आधार पर कुल आय वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में बढ़कर 1,79,562 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1,64,914 करोड़ रुपये थी। एसबीआई के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा कि नए वित्त वर्ष में एनआईएम (शुद्ध ब्याज मार्जिन) पर दबाव, खासकर आरबीआई द्वारा नीतिगत दरों में कटौती के बाद बना रहेगा, क्योंकि इसके 27 प्रतिशत ऋण रेपो से जुड़े हैं। एनआईएम पर कोई लक्ष्य दिए बिना शेट्टी ने कहा कि नीतिगत दरों में की गई कार्रवाई को बैंक की जमा लागत में बदलने में 12-18 महीने लगेंगे। उन्होंने कहा कि नीतिगत हस्तांतरण तभी पूरा होगा जब परिसंपत्तियों और देनदारियों दोनों की लागतों का पुनर्मूल्यन होगा। शेट्टी ने कहा कि बैंक नए वित्त वर्ष के लिए 12-13 प्रतिशत ऋण वृद्धि का लक्ष्य बना रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि शुल्क युद्धों का ऋण वृद्धि पर भी असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि व्यापार नीतियों में बदलाव के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितताओं के कारण कंपनियां अपनी निवेश योजनाओं पर धीमी गति से आगे बढ़ेंगी, जिसका बैंकों की ऋण वृद्धि पर प्रभाव पड़ेगा। वर्तमान में, एसबीआई के पास 3.4 लाख करोड़ रुपये के कॉरपोरेट ऋण पाइपलाइन हैं। ये कर्ज पहले स्वीकृत किए गए लेकिन अभी तक वितरित नहीं किए गए लोन और भविष्य की आवश्यकताओं पर बातचीत के बीच समान है। बैंक के प्रबंध निदेशक अश्विनी कुमार तिवारी ने कहा कि ऋण की मांग बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा, डेटा सेंटर और वाणिज्यिक वास्तविकता क्षेत्रों से आ रही है। वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में बैंक की अन्य आय बढ़कर 24,210 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 17,369 करोड़ रुपये थी। पिछले वित्त वर्ष में बैंक ने असुरक्षित व्यक्तिगत ऋणों में 0.49 प्रतिशत की वृद्धि की। शेट्टी ने कहा कि बैंक इस उत्पाद पर तेजी से काम करेगा क्योंकि उसे इसमें कोई चुनौती नहीं दिख रही है।

पाक को मिलने वाले कर्ज की समीक्षा के लिए भारत का दवाब राजनीति से प्रेरितः इस्लामाबाद

इस्लामाबाद (भाषा)।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, 29 अप्रैल को शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक में मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवादी हमले पर भारत की प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय पर निर्णय लेने के लिए सशस्त्र बलों को पूरी आजादी है। इस बीच, समाचार पत्र ने पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय के एक सलाहकार के हवाले से शुक्रवार को कहा कि देश को पिछले साल मिला सात अरब डॉलर का आईएमएफ राहत पैकेज पूरी पटरी पर है। इस्लामाबाद को मार्च 2025 में जलवायु लचीलापन निधि के जरिये अतिरिक्त 1.3 अरब डॉलर भी मिले।

अगले सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक से पहले पाकिस्तान ने भारत की इस घोषणा को 'राजनीति से प्रेरित' बताया है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद वैश्विक ऋणदाताओं को इस्लामाबाद के वित्तीय सहायता कार्यक्रम की समीक्षा करनी चाहिए। समाचार पत्र 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' ने शनिवार को अधिकारियों के हवाले से कहा कि आईएमएफ को शामिल करने का भारत का प्रयास 'पाकिस्तान को कूटनीतिक रूप से अलग-थलग करने के उसके राजनीतिक अभियान का विस्तार है।' आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड विस्तारित वित्तपोषण सुविधा (ईएफएफ) और मजबूती एवं स्थिरता सुविधा के तहत पहली समीक्षा के लिए नौ मई को पाकिस्तान के अधिकारियों से मिलने वाला है। भारत ने शुक्रवार को कहा कि वह आईएमएफ सहित वैश्विक बहुपक्षीय एजेंसियों से पाकिस्तान को दिए गए धन और ऋण पर पुनर्विचार करने के लिए कहेगा, क्योंकि वह पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए नृशंस आतंकवादी हमले के बाद पड़ोसी राज्य को कूटनीतिक रूप से घेरना चाहता है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने कहा कि अधिकारियों का तर्क है कि आईएमएफ को शामिल करने का भारत का प्रयास पाकिस्तान को कूटनीतिक रूप से अलग-थलग करने के उसके राजनीतिक अभियान का विस्तार है। भारतीय अधिकारियों ने पहलगाम में हुए नरसंहार के पीछे पांच आतंकवादियों की पहचान की है - जिनमें तीन पाकिस्तानी नागरिक शामिल हैं। पाकिस्तान ने आरोपों को खारिज कर दिया है और निष्पक्ष अंतरराष्ट्रीय जांच की मांग की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के पीछे के आतंकवादियों और साजिश में शामिल लोगों को उनकी कल्पना से परे दंडित करने की शपथ ली। उन्होंने कहा कि देश के दुश्मनों ने न केवल निहत्थे पर्यटकों को निशाना बनाया, बल्कि भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया।

SUMMONS

(E - File)
FAMILY COURT, AURANGABAD.
Old High Court Building, Adalat Road, Aurangabad.
Court No. I
SUMMONS
Petition No. A. - 511/2024
Aniruddha... Vs. 1.Vandana, 2.Shital...
Exh.No.28

To, 2. Shital Sharma, House No. 1160, Prem Nagar, Near CCS HAU, Hisar, Haryana. Mob. No. 7015489254.

Whereas the above named Petitioner has instituted a Petition against you, as set out in the petition.

And whereas, the suit will be placed for directions on the board of the judge on the day of **23 June 2025.**

You are hereby summoned to appear before the judge to answer the Petitioner claim on the said day of **23 June 2025 at 11-00 O' clock** in the forenoon, and Take further notice if you fail so file your appearance in person as directed above, or if you fail to appear before the Judge on the day before mentioned the petition may be ordered to be set down on Board on the same day or any subsequent day at 'underfended' and you will be liable to have a decree or order passed against you.

Witness **Principal Judge, Family Court, Aurangabad (Maharashtra) at aforesaid this Date 28 April, 2025.**

By Order, Superintendent Family Court, Aurangabad

SEAL

राशिफल

मेष कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

मिथुन अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

सिंह पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

कन्या नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

धनु रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

मकर आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

कुंभ परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

मीन रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

शब्द पहेली - 5856



बाएँ से दाए-
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

ऊपर से नीचे
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

शब्द पहेली -5855 का हल

■	अ	ब	का	श	■	प्र	ति	घा	त	■
खु	■	■	रा	ब	ण	■	■	■	■	मु
शा	■	ना	था	ब	■	य	ती	म	■	क
म	■	ह	■	खा	र	क	■	ज	■	र
द	था	क	र	ना	■	था	ह	मा	प	ना
■	प	■	फ्ता	■	■	■	सी	■	ठा	■
अ	न	ब	र	त	■	म	न	भ	र	ना
नु	■	रा	■	म	थ्य	म	■	र	■	मा
रो	■	ह	र्षि	त	■	ता	ली	म	■	कू
ध	■	■	■	मा	त	म	■	■	■	ल
■	आ	ज	मा	ना	■	य	ज	मा	न	■



ब्रुइन ने दिलाई मैनचेस्टर सिटी को महत्वपूर्ण जीत

मैनचेस्टर। केविन डी ब्रुइन के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने शुक्रवार रात को यहां वॉल्वरहैम्पटन वांडरर्स पर 1-0 से महत्वपूर्ण जीत हासिल की जिससे वह इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर पहुंच गया। बेल्जियम के रहने वाले डी ब्रुइन इस सत्र के आखिर में मैनचेस्टर सिटी को छोड़ देंगे लेकिन उन्होंने लीग के पिछले छह मुकाबलों में जीत हासिल करने वाली टीम के खिलाफ 35वें मिनट में गोल करके साबित कर दिया कि वह अब भी टीम के लिए काफी मायने रखते हैं। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी के 35 मैच में 64 अंक हो गए हैं और वह तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस तरह से वह चैंपियंस लीग में जगह बनाने का प्रबल दावेदार बन गया है। मैनचेस्टर सिटी अब दूसरे स्थान पर काबिज आर्सेनल से तीन अंक पीछे है जिसके 34 मैच में 67 अंक हैं। लिवरपूल पहले ही खिताब अपने नाम पर सुरक्षित कर चुका है। उसके 34 मैच में 82 अंक हैं।

रूड और ड्रेपर में होगा खिताबी मुकाबला

मैड्रिड। कैस्पर रूड ने दर्द निवारक दवाइयों की मदद से पसली की चोट पर काबू पाकर फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को सीधे सेटों में हराया और मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई। रूड ने मैच के दौरान तीन बार अपनी पसली का इलाज करवाया और काजा मैगिका सेंटर कोर्ट पर 6-4, 7-5 से जीत हासिल की। नॉर्वे के 15वीं रैंकिंग के खिलाड़ी रूड ने अर्जेंटीना के 21वीं रैंकिंग के खिलाड़ी सेरुंडोलो के खिलाफ 18 में से 15 ब्रेक प्वाइंट बचाए। फाइनल में रूड का सामना जैक ड्रेपर से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में लोरेंजो मुसेटी को 6-3, 7-6 (4) से हराकर साल के तीसरे फाइनल में जगह बनाई।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
बेंगलुरु	11	8	3	16
मुंबई	11	7	4	14
गुजरात	10	7	3	14
पंजाब	10	6	3	13
दिल्ली	10	6	4	12
लखनऊ	10	5	5	10
कोलकाता	10	4	5	9
राजस्थान	11	3	8	6
हैदराबाद	10	3	7	6
चेन्नई	11	2	9	4

ऑरेंज कैप

साइ सुदर्शन
504 रन
गुजरात

पर्पल कैप

प्रसिद्ध कृष्णा
19 विकेट
गुजरात

खबर संक्षेप

खिलाड़ी अब कैमरे का सामने करने को तैयार

मुंबई। भारत के दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले का कहना है कि वर्तमान समय के क्रिकेटर यह बताने से नहीं हिचकिचाते हैं कि उनके दायरे में क्या हो रहा है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि एक खिलाड़ी का ब्रांड प्रशासक या प्रसारक जितना शक्तिशाली हो गया है। भारत के पूर्व कप्तान कुंबले भी हेडन की इस बात से सहमत थे कि जो खिलाड़ी पहले अपने ड्रेसिंग रूम में कैमरा रखने के लिए सहमत नहीं होते थे, वे अब माइक पकड़कर टीम की रणनीतियों पर चर्चा करने में खुश होते हैं।

अरुणाचल प्रदेश में खेलो इंडिया सुविधा हुआ शुरू

नई दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में एक बहुउद्देश्यीय हॉल का उद्घाटन करते हुए विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में समावेशी खेल विकास को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। आठ करोड़ रुपए की लागत से बना यह हॉल केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह हॉल मुक्केबाजी, बैडमिंटन, जूडो, वुशु, कराटे, ताइक्वांडो, भारोत्तोलन, टेबल टेनिस और वॉलीबॉल सहित कई इनडोर खेलों के लिए सुविधाएं प्रदान करेगा।

स्थानीय खेलों को मिले वैश्विक पहचान

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने स्थानीय खेलों को वैश्विक मान्यता दिये जाने की वकालत करते हुए शनिवार को कहा कि ओडिशा यह सुनिश्चित करना जारी रखेगा कि स्थानीय खेलों को वैश्विक मंच पर उनका उचित स्थान मिले। मुख्यमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया कि माझी ने यह मांग मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित वेव्स (विश्व दृश्य श्रव्य एवं मनोरंजन सम्मेलन') 2025 में अपने संबोधन के दौरान की।

रोमारियो ने आईपीएल इतिहास की दूसरी सबसे तेज फिफ्टी बनाई

रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर आरसीबी ने सुपर किंग्स को हराया

एजेंसी ⏭ बेंगलुरू

आयुष म्हात्रे ने 94 रन बनाकर रोमारियो शेफर्ड के 14 गेंद में अर्धशतक को लगभग बेमानी साबित कर ही दिया था लेकिन यश दयाल ने बेहतरीन आखिरी ओवर डालकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को शनिवार को आईपीएल के रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर चेन्नई सुपर किंग्स पर दो रन से जीत दिलाई। आरसीबी ने विराट कोहली (33 गेंद में 62 रन), जैकब बेथेल (33 गेंद में 55 रन) और शेफर्ड के 14 गेंद में नाबाद 53 रन की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने पांच विकेट पर 213 रन बनाये। इसके बाद 17 वर्ष के म्हात्रे ने 48 गेंद में नौ चौकों और पांच छक्कों की मदद से 94 रन बनाकर चेन्नई को जीत के बहुत करीब पहुंचा दिया लेकिन आखिर में टीम पांच विकेट पर 211 रन ही बना सकी। इस जीत के बाद आरसीबी 11 मैचों में 16 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गई है और उसका प्लेआफ में प्रवेश लगभग तय है जबकि प्लेआफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी चेन्नई 11 मैचों में चार अंक लेकर आखिरी स्थान पर है। म्हात्रे और रविंद्र जडेजा (45 गेंद में नाबाद 77) ने तीसरे विकेट के लिये 114 रन की साझेदारी की। म्हात्रे ने पावरप्ले में भुवनेश्वर कुमार को एक ओवर में 26 रन निकाले और रनगति धीमी नहीं पड़ने दी। चोटिल जोश हेजलवुड की गैर मौजूदगी आरसीबी को खली और मुंबई के रहने वाले म्हात्रे ने इसका पूरा फायदा उठाया। चोटिल कप्तान रूतुराज गायकवाड़ की जगह जब म्हात्रे को चुना गया था तब कई लोगों ने सवाल उठाये थे जिनका आज इस युवा बल्लेबाज ने बखूबी जवाब दिया। वैसे चेन्नई को जीत के करीब लाने का श्रेय जडेजा को भी जाता है जिन्हें 57 और 69 के स्कोर पर जीवनदान मिला।



केकेआर की निगाह जीत पर, समीकरण बिगाड़ने की कोशिश करेगा रॉयल्स

कोलकाता। गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में रविवार को यहां जब राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगा तो उसका लक्ष्य जीत हासिल करके प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखना होगा। केकेआर को लीग चरण के अब चार मैच खेलने हैं और प्लेऑफ के लिए उसका समीकरण सीधा है। चारों मैच जीत कर 17 अंक तक पहुंचना। इससे वह अंतिम चार में पहुंचने के लिए अगर मगर से बच जाएगा। कागजों पर यह आंकड़ा भले ही सीधा नजर आता है लेकिन वास्तविकता में यह काफी मुश्किल है।

कप्तान पंत फेल, फार्म में श्रेयस अय्यर लखनऊ का पंजाब से मुकाबला आज

धर्मशाला। लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत की बल्ले से खराब फॉर्म और पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की शानदार लय के कारण इन दोनों टीमों के बीच रविवार को यहां होने वाले आईपीएल मैच को रोचक बन गया है। पंजाब के कप्तान अय्यर आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं और उन्होंने अभी तक एक कप्तान और बल्लेबाज दोनों रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह अभी तक इस प्रतियोगिता में चार अर्धशतक लगा चुके हैं और उनकी टीम 10 मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। दूसरी ओर पंत ने बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन किया है और उन्होंने 10 मैचों में कुल 110 रन बनाए हैं जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेली गई 63 रन की पारी भी शामिल है।

खास खबर

किरण को निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण

नई दिल्ली। पुरुष राइफल थ्री-पोजीशन के मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन किरण अंकुश जाधव ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को कुमार सुरेंद्र सिंह स्मारक निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता। अगले महीने म्यूनिख में होने वाले विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल नौसेना के इस निशानेबाज ने 24 निशानों से 251.5 अंक हासिल कर सेना के विवेक शर्मा को 1.4 अंक से पीछे छोड़ा। सेना के ही विशाल सिंह (230.1) ने कांस्य पदक जीता। महाराष्ट्र के पार्थ राकेश माने ने पुरुषों के जूनियर वर्ग का खिताब 0.1 अंक के मामूली अंतर से अपने नाम किया।

भारत के लिए अच्छा कप्तान बनेगा गिल

मुंबई। अफगानिस्तान के टी20 कप्तान राशिद खान ने शनिवार को कहा कि शुभमन गिल इंडियन प्रीमियर लीग में सिर्फ गुजरात टाइटंस के लिये ही नहीं बल्कि भारत के लिये भी बहुत अच्छे कप्तान साबित होंगे। गिल ने गुजरात टाइटंस की मोर्चे से अगुवाई करते हुए इस सत्र में दस मैचों में अब तक 465 रन बनाये हैं। राशिद ने कहा, 'शुभमन गिल का कप्तानी करते हुए यह दूसरा साल है। वह लगातार बेहतर हो रहा है। भविष्य में वह भारत के बेहतरीन कप्तानों में से होगा। सिर्फ गुजरात टाइटंस के लिए नहीं बल्कि भारत के लिए भी। उसके पास कौशल और प्रतिभा है।'

वैभव को अपने तरीके से खेलने की छूट

कोलकाता। इंडियन प्रीमियर लीग के सबसे युवा शतकवीर राजस्थान रॉयल्स के किशोर खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी को अपने तरीके से खेलने की 'आजादी' दी गई है। टीम के तेज गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने कहा, 'उसे अपने तरीके से खेलने की थोड़ी बहुत छूट मिली है। उसने अब तक एक 14 वर्षीय खिलाड़ी के तौर पर वाकई कमाल का काम किया है। मुझे लगता है कि कोचिंग स्टाफ ने वैभव के साथ चीजों को बहुत ज्यादा जटिल बनाने की कोशिश नहीं की है। वह पिछले मैच में चूक गया था लेकिन हम इतने कम उम्र के खिलाड़ी को लेकर वास्तव में घबराना नहीं चाहते।'

मैं डोपिंग के कारण अस्थाई तौर पर निलंबित हूं

जोहानिसबर्ग। दुनिया के शीर्ष तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने शनिवार को चौंकाने वाला खुलासा किया कि 'नशे में मौज-मस्ती' के लिए इस्तेमाल होने वाले प्रतिबंधित ड्रग के सेवन के कारण वह अस्थायी निलंबन झेल रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के इस तेज गेंदबाज ने पिछले महीने गुजरात टाइटंस के लिए दो मैच खेलने के बाद निजी कारणों का हवाला देते हुए आईपीएल छोड़ दिया था। रबाडा इस महीने के आखिर में 30 साल के हो जाएंगे। उन्होंने 'दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर्स एसोसिएशन' के माध्यम से एक बयान जारी किया। रबाडा ने इस बयान में अपनी गलती के लिए माफी मांगते हुए कहा, 'जैसा की खबरों में बताया गया है कि मैं निजी कारणों से आईपीएल में भाग लेने के बाद दक्षिण अफ्रीका लौटा हूं। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि जांच में ऐसे प्रतिबंधित पदार्थ की पुष्टि हुई है जिसका इस्तेमाल नशे में मौज मस्ती के लिए किया जाता है। मैं अस्थाई तौर पर निलंबन झेल रहा हूं और अपने पसंदीदा खेल में वापसी के लिए उत्सुक हूं।'



डोपिंग

हेमराज और अंजलि पर चार और छह साल का प्रतिबंध

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लंबी दूरी के धावक हेमराज गुर्जर और अंजलि कुमारी पर नाडा की डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल ने पिछले साल डोप परीक्षण में विफल होने के बाद क्रमशः चार और छह साल का प्रतिबंध लगाया है। पच्चीस साल के गुर्जर ने 2023 राष्ट्रीय अंतर-राज्यीय चैंपियनशिप में 5000 मीटर कांस्य के अलावा 2023 और 2024 में राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनके प्रतिबंध का समय 20 अप्रैल से शुरू हुआ।

गुर्जर ने पिछले साल विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। पिछले साल उनके डोप नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ डार्बेपोएटिन पाए जाने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा उन्हें अस्थायी तौर पर निलंबित किया गया था। नाडा की वेबसाइट पर नवीनतम जानकारी के अनुसार अंजलि की छह साल की प्रतिबंध अवधि 31 मार्च से शुरू होती है। इसमें हालांकि अधिक विवरण नहीं दिया गया है। उन्होंने पिछले साल विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था।

अन्य पर चार साल का प्रतिबंध

कबड्डी खिलाड़ी मनीष गुलिया, पहलवान ओमकार शंकर चौगले और दिव्या काकरान, मुक्केबाज थोकचोम यासाना चानू और तैराक विशाल ग्रेवाल को नाडा की एडीडीपी ने चार साल का प्रतिबंध लगाया है। पावरलिफ्टर अमिता देवी कोटवोल और एक नाबालिग ट्रैक एवं फील्ड एथलीट पर छह साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इन मामलों के विवरण हालांकि नहीं दिये गये हैं। मुक्केबाज आयुष राय और 19 वर्षीय मिष्ठी काजला पर दो-दो साल का प्रतिबंध लगाया गया है। एक अन्य नाबालिग मुक्केबाज पर भी चार साल का प्रतिबंध लगाया गया है। काजला ने 2024 फेडरेशन कप अंडर 20 चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।

सनराइजर्स के खराब प्रदर्शन का कारण अप्रभावी गेंदबाजी

अहमदाबाद। सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन के लिए अप्रभावी गेंदबाजी और पिच की बदलती परिस्थितियों को जिम्मेदार ठहराया। शुक्रवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ 38 रन से हार के बाद सनराइजर्स की टीम प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो गई है। उनादकट ने कहा, 'आईपीएल में खेलने के अपने अनुभव से मैं कह सकता हूं कि किसी टीम के अच्छे प्रदर्शन के लिए उसके गेंदबाजी विभाग में तीन या चार ऐसे खिलाड़ी होने चाहिए जो लगातार बेहतर प्रदर्शन करें। इस बार हमारी टीम में इसकी कमी दिखी। हमारे अगर दो गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे तो बाकी तीन उनका सहयोग नहीं कर रहे थे। जैसे हम साझेदारी को बल्लेबाजी के संदर्भ में देखते हैं, मुझे लगता है कि यह गेंदबाजी में भी वैसा ही है। क्योंकि जब आप दोनों छोर से अच्छी गेंदबाजी नहीं करते हैं, तो इससे दूसरे खिलाड़ी पर अनावश्यक दबाव बनता है। इससे आपकी रणनीति बदल जाती है। इसलिए टूर्नामेंट में हमारे खराब प्रदर्शन के लिए हमारे गेंदबाज विभाग को जिम्मेदारी लेनी होगी।'

भारतीय महिला हॉकी टीम की आस्ट्रेलिया में लगातार चौथी हार

एजेंसी ⏭ पर्थ

भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम ने जुझारू प्रदर्शन किया लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला के लगातार चौथे मैच में उसे 2-3 से पराजय का सामना करना पड़ा। भारत के लिए नवनीत कौर (35वां मिनट) और लालरेम्सियामी (59वां) ने गोल दागे जबकि आस्ट्रेलिया के लिए ग्रेस स्टीवर्ट (दूसरा), जेड स्मिथ (36वां) और ग्रेटा हायेस (42वां) ने गोल किए।

भारत को आस्ट्रेलिया ए ने 5-3 और 3-2 से हराया था। इसके बाद सीनियर आस्ट्रेलियाई टीम ने एक मई को भारतीय टीम को 2-0 से मात दी। आखिरी मैच रविवार को खेला जाएगा। पहले क्वार्टर में आस्ट्रेलिया ने दूसरे ही मिनट में गोल करके बढत बना ली। भारत ने बराबरी के गोल का भरसक प्रयास किया लेकिन कामयाबी नहीं मिली। दूसरे क्वार्टर में भारत ने एक पेनल्टी कॉर्नर बचाया। भारत के लिए बराबरी का गोल 35वें मिनट में नवनीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर दागा लेकिन आस्ट्रेलिया ने अगले ही मिनट जेड के फील्ड गोल पर फिर बढत बना ली। आस्ट्रेलिया को दो और पेनल्टी कॉर्नर मिले और ग्रेटा ने 42वें मिनट में एक और गोल किया।

भारत हटा, अब पाकिस्तान नहीं उज्बेकिस्तान मेजबान

कराची। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत ने जिस मध्य एशियाई वॉलीबॉल टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था, वह अब इस्लामाबाद की बजाय उज्बेकिस्तान के ताशकंद में खेला जाएगा। यह जानकारी पाकिस्तान महासंघ के एक अधिकारी ने शनिवार को दी। पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मध्य एशिया वॉलीबॉल संघ ने इस आयोजन को उज्बेकिस्तान में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। इस अधिकारी ने कहा, 'भारत के पीछे हटने के बावजूद यह पाकिस्तान वॉलीबॉल के लिए बहुत बड़ी निराशा है। हम सीएवीए की आम सभा के फैसले को पूरी तरह समझते हैं।' पाकिस्तान, ईरान, तुर्कमेनिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के बीच होने वाले टूर्नामेंट की निर्धारित तारीखों में हालांकि कोई बदलाव नहीं किया गया है।

महिला त्रिकोणीय श्रृंखला : लगातार दो जीत के बाद श्रीलंका से मैच आज

विजय अभियान जारी रखने उतरेगा भारत

एजेंसी ⏭ कोलंबो

पिछले दो मैच में शानदार जीत से उत्साह से भरी भारतीय टीम रविवार को यहां होने वाले महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय क्रिकेट श्रृंखला में अपना दबदबा बनाए रखने की कोशिश करेगी। श्रीलंका की टीम खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका दोनों के खिलाफ जीत दर्ज की और वह अंक तालिका में शीर्ष पर है। भारत ने पिछले सप्ताह टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में श्रीलंका को हराया था। श्रीलंका ने हालांकि शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान में नई जान डाल दी है।

फार्म में भारतीय टीम

भारत ने अब तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके लगातार आठ एकदिवसीय मैच जीते हैं और टीम अपने इस विजय अभियान को नए मुकाम पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध होगी। श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच में स्पिनर स्नेह राणा और श्री चरणी ने शानदार गेंदबाजी करके उसे बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया था। इसके बाद सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल और स्मृति मंधाना ने हरलीन देयोल के साथ मिलकर 148 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल किया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के शीर्ष क्रम ने एक बार फिर मंच प्रदान किया, जबकि कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के नेतृत्व में मध्य क्रम ने अंतिम 10 ओवरों में 82 रन जोड़कर टीम को चुनौती पूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

कप्तान चमारी कर रही निराश

श्रीलंका के लिए कप्तान चमारी अट्टापट्टू की खराब फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है, जिससे बल्लेबाजी इकाई पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। 19 वर्षीय विशमी गुणरत्ने को शामिल करने से शीर्ष क्रम को कुछ मजबूती मिली है। भारत इस मैच में अपनी शानदार लय के साथ फाइनल में जगह पक्की करने का लक्ष्य रखेगा, जबकि श्रीलंका एक और दमदार प्रदर्शन करके प्रतियोगिता में बने रहना चाहेगा।

पहलगाम आतंकी हमले से सन्न व शोकाकुल देश में सरकार ने राष्ट्रीय जनगणना के साथ जाति गणना कराने का ऐलान कर समूचे आवाम को चौंका दिया है। एक समय तक संसद से सड़क व अदालत तक पीएम नरेन्द्र मोदी नीत राजग सरकार और भाजपा जाति गणना के मुखर विरोधी रहीं, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की जाति गणना की मांग को सामाजिक भेदभाव बढ़ाने वाली बता कर खारिज करती रहीं, हालांकि विपक्ष में रहते हुए भाजपा जाति जनगणना की मांग करती रही थी। जाति जनगणना कराने के कई मायने निकाले जा रहे हैं। कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल सरकार के इस कदम को दबाव में लिया गया निर्णय बताते हुए अपनी जीत बता रहे हैं, तो विश्लेषक व राजनीतिक के जानकार मान रहे हैं कि पीएम मोदी ने जाति गणना की घोषणा कर राहुल गांधी व विपक्ष के मुद्दे की हवा निकाल दी है। राष्ट्रीय जनगणना कब होगी, जिसमें जातियों के हिसाब से गिनती होगी, इसकी कोई भी समय सीमा नहीं बताई गई है। वर्ष 2026 में परिसीमन होना है तो माना जा रहा है कि उससे पहले जनगणना हो जाएगी। जाति गणना के बाद आंकड़े जारी होंगे या नहीं, यह भी नहीं पता। इस आंकड़े के राजनीतिक दुरूपयोग तो नहीं होंगे या इससे सामाजिक विभाजन तो नहीं बढ़ेगा यह भी आशंका है। तमाम पहलुओं का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...

जातिगणना के आंकड़ों का सदुपयोग हो

विश्लेषण

अवधेश कुमार
वरिष्ठ स्तंभकार

पहलगाम आतंकवादी हमले और आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई और तैयारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल द्वारा जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने के निर्णय ने राष्ट्रीय विमर्श को कुछ समय के लिए एक सीमा तक दूसरा मोड़ भी दिया है। हमारे देश में गंभीर दूरगामी परिणाम वाले विषयों के भी राजनीतिक दुरुपयोग करने की ऐसी घातक प्रवृत्ति है जिसमें वास्तविक मुद्दे ओझल हो जाते हैं। भारत की एकता -अखंडता, सामाजिक सद्भाव आदि की दृष्टि से जाति जनगणना ऐसा कदम है जिसके सदुपयोग - दुरुपयोग दोनों की संभावनाएं हैं। 1979 में मंडल आयोग का गठन और इसे राष्ट्रीय स्तर पर 1990 में लागू किए जाने के पीछे राजनीति ही थी।

शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार अचानक जनगणना के साथ जातिगणना करने की घोषणा कर देगी। पूरा देश पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद गुस्से में है, सरकार भी लगातार कठोर तेवर अपनाए हुए है, कूटनीतिक मोर्चे पर सक्रिय होने के साथ पाकिस्तान की घेरेबंदी की जा रही है, कश्मीर के अंदर आतंकवादियों और उनके समर्थकों ,जिन्हें ओवरग्राउंड वर्कर्स कहते हैं के घर ध्वस्त किए जा रहे हैं तथा स्वयं प्रधानमंत्री चीफ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ, सेना के तीनों प्रमुखों, प्रमुख मंत्रियों, मंत्रिमंडल की प्रमुख समितियों के साथ बैठकें कर रहे हैं। इन सारी गतिविधियों के बीच अचानक इस निर्णय ने निश्चित रूप से लोगों को चौंकाया है।

राजनीतिक दुरूपयोग की आशंका

निस्संदेह, पहलगाम आतंकवादी हमले और आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई और तैयारियों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंत्रिमंडल द्वारा जनगणना के साथ जाति जनगणना कराने के निर्णय ने राष्ट्रीय विमर्श को कुछ समय के लिए एक सीमा तक दूसरा मोड़ भी दिया है। हमारे देश में गंभीर दूरगामी परिणाम वाले विषयों के भी राजनीतिक दुरुपयोग करने की ऐसी घातक प्रवृत्ति है जिसमें वास्तविक मुद्दे ओझल हो जाते हैं। भारत की एकता -अखंडता, सामाजिक सद्भाव आदि की दृष्टि से जाति जनगणना ऐसा कदम है जिसके सदुपयोग - दुरुपयोग दोनों की संभावनाएं हैं और उनके खतरे भी बड़े हैं। इसके बावजूद राजनीति होगी और हो रही है। 1979 में मंडल आयोग का गठन, उसकी रिपोर्ट और राष्ट्रीय स्तर पर 1990 में लागू किए जाने के पीछे भी राजनीति थी। इससे शुरू सामाजिक-राजनीतिक- सांस्कृतिक उथल-पुथल का दौर पूरी तरह कभी स्थिर नहीं हुआ क्योंकि इसे वास्तविक सामाजिक न्याय का ईमानदार-जिम्मेदार अंग बनाने की बजाय मंडलवादी नेताओं की अदूरदर्शिता और संकुचित सोच के कारण इसका घातक दुरूपयोग हुआ। पूरे देश की राजनीति और सत्ता संरचना के वर्णक्रम में आमूल बदलाव आया, पर अदूरदर्शी, नासमझ नेताओं और उनके परिवारों के हाथों कई राज्यों की राजनीति केंद्रित होने के कारण देश को ऐसा नुकसान भी उठाना पड़ा जिसकी भरपाई संभव नहीं हो पा रही।

कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियां इसे अपनी विजय बता सकती है, क्योंकि पिछले साढ़े तीन वर्षों से ये इसकी आवाज उठा रहे थे। 2024 लोकसभा चुनाव में जाति जनगणना को एक बड़ा मुद्दा बनाया गया। यह भी सच है कि राहुल गांधी जाति जनगणना के साथ संपत्ति सर्वे से लेकर संख्या के आधार पर संसाधनों के बंटवारे जैसे अतिवादी वादे कर रहे थे। भाजपा का पहला स्टैंड था कि यह व्यावहारिक नहीं है और एक याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सरकार ने यही शपथ

पत्र दिया था। दूसरी ओर किसी भी मंत्री या नेता ने जाति जनगणना का नाम लेकर विरोध नहीं किया। बिहार में तो तब विपक्ष में रहते हुए भाजपा की प्रदेश इकाई ने नीतीश कुमार द्वारा जाति सर्वे करने का समर्थन कर दिया। पिछले वर्ष के उत्तरार्ध से मोदी सरकार की ओर से जाति जनगणना करने का संकेत मिलने लगा। जब सरकार की ओर से आगामी जनगणना की बात आई तो गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले वर्ष अगस्त में एक प्रश्न के उत्तर में कहा था कि समय आने पर इसका निर्णय होगा। भारत में मजहब परिवर्तन के बावजूद मुसलमानों में भी पूर्व हिंदुओं की जाति कायम है और उनकी गणना होगी। विपक्ष और आम भाजपा विरोधी इस पर कैसी प्रतिक्रिया व्यक्त करेंगे, यह भी देखना होगा।

मुस्लिम जातियों की भी हो गणना

गणना सभी की होनी है तो उसमें मुस्लिम जातियों की भी होनी चाहिए। देश को पता चलना चाहिए कि जातिविहीन मजहब का भारतीय सच क्या है। राहुल गांधी हो या अन्य नेता जाति जनगणना की मांग का श्रेय लेने के साथ उनका मुसलमानों के अंदर जाति की गणना पर अपना स्टैंड स्पष्ट करना पड़ेगा। ऐसा तो नहीं हो सकता कि भारत में केवल हिंदुओं के अंदर जाति की गणना हो और दूसरे मजहब को इससे अलग रखा जाए। वे कभी भी हिंदुओं से बाहर जाति गणना की न कल्पना करते थे न बात। इसलिए जाति गणना पर राजनीति खासकर श्रेय लेने की राजनीति जितनी मानी जा रही है उतनी सरल सपाट और आसान नहीं है। जाति गणना से संबंधित कुछ बातें अवश्य ध्यान रखनी चाहिए। 2011 की जनगणना के समय भी जाति जनगणना की जबरदस्त मांग उठी थी और संसद का रिकॉर्ड देखें तो भाजपा भी सरकार से इसकी मांग कर रही थी। यूपीए सरकार ने इसे संविधान के तहत जनगणना आयुक्त के अधीन मान्य तरीके से कराने की जगह ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के रूप में कराया तो उसके भी निहितार्थ थे। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा रिपोर्ट जारी करने की घोषणा की, पूरा परिश्रम करने के बावजूद नहीं कर सकी क्योंकि पूरी रिपोर्ट त्रुटियों से भरी थी। लगभग 46 लाख जातियां और गोत्र आ गए थे। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल ने अनुसूचित जाति-जनजाति को छोड़कर अन्य जातियों की गणना नहीं करने का निर्णय लिया तो सोच यही थी कि अंग्रेज जाति भेद उभार कर भारत में अपनी सत्ता बनाये रखने के लक्ष्य से ऐसा कर रहे थे जिससे बचना है। यह सच है कि एक समय सामाजिक दृष्टि से गहरे अन्वेषण और व्यावहारिकता से निर्मित सशक्त जाति व्यवस्था भारत के स्वावलंबी और आदर्श देश का कारण था तो कालांतर में जाति भेद, ऊंच-नीच और छुआछूत ने देश को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया।

क्या ऊंच-नीच व भेदभाव से मुक्ति मिलेगी

ध्यान रखिए कि अंग्रेजों ने 1853 में नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंस में पहली जनगणना कराई और उसके बाद जातिवार गणना का विचार किया। तब सेन्शस एडमिनिस्ट्रेटर एचएच रिजले की अगुवाई में विचार हुआ और किसे व किस जाति का माना जाए, इसके लिए वर्ण व्यवस्था और पेशे के अनुसार जाति समूह बनाए गए। बावजूद 1901 में पहली जनगणना हुई लेकिन अंग्रेजों की दृष्टि से भी जाति पूर्ण जनगणना केवल 1931 में संभव हो सकी। दरअसल, भारत की जाति व्यवस्था को समझना अंग्रेजों के वश की बात नहीं थी। 1901 में 1646 जातियां थी तो 1931 की जनगणना में 4147 और 2011 में करीब 46 लाख। 1980 के मंडल आयोग रिपोर्ट में भी 3428 अन्य पिछड़ी जातियों की सूची थी। एक ही जाति श्रेणी के अलग-अलग राज्य के साथ एक ही राज्य में अलग-अलग नाम और गोत्र हैं। इसलिए शत- प्रतिशत मान्य और सुसंबद्ध जातिगत आंकड़ा देना गणना के बावजूद अत्यंत कठिन होगा। एक उदाहरण देखिए। 1931 में महाराष्ट्र में अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग में आने वाली जातियों की संख्या 494 थी, जबकि 2011 की गणना में यह संख्या 4 लाख 28 हजार 677 पाई गई। इससे कल्पना की जा सकती है कि जाति की गणना और फिर संपूर्ण स्पष्ट रिपोर्ट ले आना आसान नहीं होगा। मोदी सरकार ने 2011 की गणना पर गहराई से काम किया, इसलिए उसे इसका अनुभव है। मूल बात इस गणना के उद्देश्य की है। जब अधिसूचना जारी होगी तो पता चलेगा कि सरकार क्या उद्देश्य घोषित करती है। साफ है कि जाति जनगणना के पीछे दूरगामी सोच, भविष्य में उत्पन्न होने वाली प्रतिक्रियाओं को संभालने की तैयारी और उसके सदुपयोग की आधारभूमि होनी चाहिए। विपक्ष के तेवर से साफ है कि इसके बाद इसे मंडल भाग 2 बनाने की रणनीति अपनाई जाएगी। अगर जनसंख्या उनके अनुसार निकली तो आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाने पर राजनीति होगी। उस समय की परिस्थितियों को पहले की पृष्ठभूमि में देखने पर देश में सामाजिक अशांति और उथल-पुथल का डर पैदा होता है। अभी तक नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा जाति, आरक्षण और अन्य मुद्दों पर दिखाई गई गंभीरता से उम्मीद की जा सकती है कि सत्ता की राजनीति करते हुए भी इसका हश्र वैसा नहीं होगा, जैसा मंडल और उसके नाम पर निकले नेताओं ने आरक्षण का किया। जाति जनगणना पर निर्णय के एक दिन पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत की प्रधानमंत्री से लंबी मुलाकात हुई। इसमें जाति गणना की रूपरेखा और इससे उत्पन्न भविष्य की परिस्थितियों पर भी विस्तृत बातचीत हुई होगी। पिछले वर्ष 2 सितंबर को पलक्कड में आयोजित समन्वय बैठक में संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा था कि समाज के वंचित वर्ग के कल्याण के लिए जाति के आंकड़े इकट्ठे करने में समस्या नहीं है। लेकिन यह गंभीर मुद्दा है, राष्ट्र की एकता और अखंडता से जुड़ा है, इसलिए इसका राजनीतिक दुरुपयोग नहीं हो बल्कि उपयोग जन कल्याण के लिए हो। विपक्ष जो आरोप लगाये, संघ को व्यापक उद्देश्य से जाति गणना करने में समस्या नहीं रही है। संघ ने अपना मंतव्य सरकार के सामने स्पष्ट किया होगा। संघ का उद्देश्य हिंदू समाज के अंदर उसके स्व का भाव घनीभूत करते हुए भेदभाव समाप्त कर पूर्ण एकता स्थापित करना है। भेदभावपूर्ण जाति व्यवस्था भारत का मूल नहीं बल्कि कालांतर में विकृत होता गया भयानक सच है।

नकारात्मक मोड का पूर्वोपाय जरूरी

हिंदू समाज को विभाजित कर देश को कमजोर करने के लिए अनेक शक्तियां अंदर और बाहर सक्रिय हैं और जाति गणना की उग्र मांग के पीछे प्रत्यक्ष परोक्ष उनकी भूमिका भी है। जिस तरह राहुल गांधी या अखिलेश यादव सभाओं में पत्रकारों तक की जाति पूछते हुए डराते और शर्मसार करते देखे गए हैं वो भयभीत करने वाला है। यह समाज के वास्तविक वंचितों और पिछड़ों के कल्याण द्वारा जाति भेद समाप्त कर समता पर आधारित समाज निर्मित करने और देश की एकता व अखंडता को सशक्त करने की भूमिका तो नहीं हो सकती। सरकार, भाजपा, संघ तथा सामाजिक-सांस्कृतिक पुनर्जागरण में लगे दूसरे संगठनों को संपूर्ण परिस्थितियों की समझ है। इसलिए उम्मीद करनी चाहिए कि जाति के आंकड़े नए सिरे से विभाजन और जातीय विद्वेष, ईर्ष्या , घृणा उभारने का कारण नहीं बनेगा। यह जनगणना 1951 से अब तक की सबसे विस्तृत, व्यापक और समग्र गणना होगी जिसमें जाति गिनना एक भाग होगा। इसमें संभवतः एक-एक परिवार के संपूर्ण आर्थिक, वित्तीय जिसमें संपत्ति, कर्ज, वाहन, पेशा, शिक्षा आदि की संपूर्ण जानकारी सामने आ सकती है। लेकिन जाति गणना का कारक राजनीतिक वक्तव्य और विमर्श में सबसे प्रबल होता जाएगा, इसकी पूरी संभावना है। मोदी सरकार और देश में सामाजिक सद्भाव तथा राष्ट्रीय एकता अखंडता में निष्ठा रखने वाले ,उसके लिए काम करने वाले संगठनों, समूहों और व्यक्तियों का दायित्व है कि उस विमर्श को नकारात्मक मोड़ लेने से रोकने का पूर्वोपाय करें।

जातिगत जनगणना के हैं बहुआयाम

दृष्टिकोण

प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ स्तंभकार

आखिरकार केंद्र सरकार ने जाति आधारित जनगणना को हरी झंडी देकर एक अच्छी पहल की है। इस गणना में धार्मिक और आर्थिक आंकड़े तो लिए ही जाएंगे, गरीबी और अमीरी के आंकड़े भी स्पष्ट तौर से रेखांकित हो जाएंगे। विभिन्न धर्मों के धर्मावलंबियों की संख्या भी सुनिश्चित हो जाएगी। हालांकि एक समय जातीय आधार पर जनगणना का विरोध कांग्रेस समेत अनेक राजनीतिक दल इसलिए कर रहे थे कि इससे जातिवाद और मजबूत होगा, जबकि एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र में जाति तोड़ने के उपाय होने चाहिए। लेकिन राहुल गांधी ने जातीय जनगणना के पैरोकार बनकर ऐसे हालात पैदा कर दिए कि भाजपा नेतृत्व वाली राजग सरकार को यह निर्णय लेना पड़ा। हालांकि भाजपा ने जातीय गिनती का कभी स्पष्ट रूप में विरोध नहीं किया। अलबत्ता देश की हकीकत यह है कि जाति तोड़ने के जितने भी सनातन उपाय किए गये हैं, वे असफल ही रहे हैं। विनायक दमोदर सावरकर ने तो हिन्दुओं का जातिगत ढांचा नष्ट करने का संकल्प भी लिया था, लेकिन वे विफल रहे। गणना की इस प्रणाली से कई अहम और नए पहलू सामने आएंगे।

मुस्लिम समाज में जातिप्रथा पर पर्दा

बृहत्तर हिन्दू समाज (हिन्दू, जैन, बौद्ध, सिख) में जिस जातीय संरचना को ब्राह्मणवादी व्यवस्था का दुष्चक्र माना जाता है, हकीकत में यह व्यवस्था कितनी पुख्ता है, इसका खुलासा होगा। मुस्लिम समाज में भी जातिप्रथा पर पर्दा डला हुआ है। आभिजात्य मुस्लिम वर्ग यही स्थिति बहाल रखना चाहता है, जिससे सरकारी योजनाओं के जो लाभ हैं वे पूर्व से ही संपन्न लोगों को मिलते रहें। जबकि मुसलमानों की सौ से अधिक जातियां हैं, परंतु इनकी जनगणना का आधार धर्म और लिंग है। अल्पसंख्यक समुदाओं में से एक पारसियों की घटती आबादी की स्थिति भी जातीय गणना से साफ होगी। क्योंकि हाल ही में इस समुदाय को प्रजनन सहायता योजना चलाकर जनसंख्या वृद्धि दर बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। पिछड़ों की समृद्ध जातियां, जाति आधारित जनगणना कराए जाने पर इसलिए दबाव डालती चली आ रही थीं, जिसमें पिछड़ों को उनकी जातीय प्रतिशत के हिसाब से आरक्षण सुविधा का लाभ मिले। आर्थिक और शैक्षिक आंकड़े सामने आने पर आरक्षण की सुविधा से यदि धनी पिछड़ों को अलग किया जाता है तो इन आंकड़ों की महत्ता सार्थक होगी। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को चार सौ पार रोकने में जातीय जनगणना और संविधान बदलने के मुद्दे विपक्ष के काम आए। इसी का परिणाम रहा कि उप्र में भाजपा की सीटें 62 से घटकर 33 रह गईं। इसी के चलते भाजपा स्पष्ट बहुमत के आंकड़े से दो सीटें पीछे रह गई। पिछड़ने के इस कारण में उप्र के पिछड़ों की नाराजगी दिखाई दी।

आरक्षण जाति उत्थान का मूल नहीं

अतएव भाजपा और संघ असमंजस की स्थिति से उबरे और जातीय आधारित जनगणना कराने का अहम निर्णय ले लिया। जातिवार जनगणना और उससे वर्तमान आरक्षण पद्धति में परिवर्तन की

उम्मीद को लेकर पिछड़े तबके के अलंबदार लालू-मुलायम-शरद का जोर था कि पिछड़ी जातियों की गिनती अनुसूचित जाति व जनजातियों की तरह कराई जाए। क्योंकि आरक्षण के संदर्भ में संविधान के अनुच्छेद 16 की जरूरतों को पूरा करने के लिए यह पहल जरूरी थी। लेकिन आरक्षण किसी भी जाति के समग्र उत्थान का मूल कभी नहीं बन सकता। क्योंकि आरक्षण के सामाजिक सरोकार केवल संसाधनों के बंटवारे और उपलब्ध अवसरों में भागीदारी से जुड़े हैं। इस आरक्षण की मांग शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार और अब ग्रामीण अकुशल बेरोजगारों के लिए सरकारी योजनाओं में हिस्सेदारी से जुड़ गई हैं। परंतु जब तक सरकार समावेशी आर्थिक नीतियों को अमल में लाकर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक नहीं पहुंचती तब तक पिछड़ी या निम्न जाति अथवा आय के स्तर पर पिछले छोर पर बैठे व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार नहीं आ सकता। लेकिन यहां सवाल उठता है कि पूंजीवाद की पोषक सरकारें समावेशी आर्थिक विकास की पक्षधर क्यों होगी? देश के राज्यों में ऐसी कई जातियां हैं जो क्षेत्रीयता के दायरे में हैं। इतनी प्रत्यक्ष जातियां होने के बावजूद मुसलमानों को लेकर यह भ्रम की स्थिति बनी हुई है कि ये जातीय दुष्चक्र की गुंजलक में नहीं जकड़े हैं। दरअसल जाति-विच्छेद पर आवरण कुलीन मुस्लिमों की कुटिल चालाकी है। इनका मकसद विभिन्न मुस्लिम जातियों को एक सूत्र में बांधना कतई नहीं है। गोया, ये इस छद्म आवरण की ओट में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं पर एकाधिकार रखना चाहते हैं, जिससे इनका और इनकी पीढ़ियों को लाभ मिलता रहे। इसलिए धर्म आधारित मुस्लिम जनगणना में जाति का खाना भी अब सुनिश्चित होगा। इससे तय होता कि किस श्रेणी की कितनी मुस्लिम आबादी है। इनकी शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति भी स्पष्ट होगी। 1931 में हुई जनगणना में बिहार और उड़ीसा में मुसलमानों की तीन बिरादरियों का जिक्र है, मुस्लिम डोम, मुस्लिम हलालखोर और मुस्लिम जुलाहे। बाकी जातियों को किस राजनीतिक जालसाजी के तहत हटाया गया, इसकी पड़ताल हो तो अच्छा है। यदि ऐसा होता है तो वास्तविक रूप से आर्थिक बदहाली झेल रही जातियों को सरकारी लाभ योजनाओं से जोड़ा जा सकेगा। अल्पसंख्यक समूहों में इस वक्त हमारे देश में पारसियों की घटती जनसंख्या चिंता का कारण है। इस आबादी को बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने प्रजनन सहायता योजना समेत तीन योजनाओं को इसी वित्तीय वर्ष में लागू किया है। सर्वे के मुताबिक पारसियों की जनसंख्या 1941 में 1,14000 के मुकाबले 2011 में केवल 69000 रह गई। बीते दस साल में इनकी आबादी किस हाल में है, इसका खुलासा भी जातीय गणना से होगा।

घुसपैठियों के भी आंकड़े मिलेंगे

2011 की जाति आधारित जनगणना में ऐसे उपायों का भी सख्ती से पालन होगा, जिससे बांग्लादेशी घुसपैठिए इस पंजी में दर्ज नहीं होने पाएं? लेकिन ऐसा नहीं किया गया तो इन घुसपैठियों की भी गिनती हो जाएगी। ये घुसपैठिए देश के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने और सुरक्षा की दृष्टि से भारी बोझ हैं। केंद्र सरकार ने स्वीकार किया है कि देश में दो करोड़ से अधिक बांग्लादेशी नाजायज तौर से रह रहे हैं। अपने मूल स्वरूप में जनसंख्या में बदलाव एक जैविक घटना होने के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक व आर्थिक आधारों को प्रभावित करती है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना, मध्यान्ह भोजन, बीपीएल और एपीएल के माध्यम से आहार का आधार बनाए जाने के कारण भी सटीक जनगणना है। इसलिए जातिवार जनसंख्यात्म लक्ष्य देश के गरीब व वंचित वर्ग को खाद्य और पेयजल जैसी सुरक्षा का उपाय तो बनेंगे ही, सरकारी सेवाओं में आरक्षण किस जाति और वर्ग के अधिक जरूरी है, इसकी भी झलक मिलेगी।

दोधारी तलवार है जातिगत जनगणना

दो टूक

संदीप सृजन
स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभकार

जातिगत जनगणना एक ऐसा विषय है जो भारत के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिदृश्य में लंबे समय से चर्चा का केंद्र रहा है। यह न केवल सामाजिक संरचना को समझने का एक उपकरण है, बल्कि नीति निर्माण और संसाधन वितरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यदि इसे सावधानीपूर्वक और जिम्मेदारी के साथ लागू किया जाए, तो यह भारत को एक अधिक समावेशी और न्यायपूर्ण समाज की ओर ले जा सकता है। जातिगत जनगणना का इतिहास भारत में औपनिवेशिक काल से शुरू होता है। भारत में पहली बार व्यापक जनगणना 1881 में ब्रिटिश शासन के तहत आयोजित की गई थी, जिसमें जाति के आधार पर भी आंकड़े एकत्र किए गए। यह प्रक्रिया 1931 तक नियमित रूप से हर दस साल में दोहराई गई। 1931 की जनगणना में विभिन्न जातियों और उपजातियों की विस्तृत जानकारी प्रकाशित की गई, जो आज भी कई नीतियों और आरक्षण प्रणालियों के लिए आधारभूत डेटा के रूप में उपयोग की जाती है।

1951 में जातिगत गणना बंद हुई

उदाहरण के लिए, 1931 के आंकड़ों के आधार पर ही मंडल आयोग ने 1980 में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण की सिफारिश की थी। 1941 की जनगणना में भी जाति आधारित आंकड़े एकत्र किए गए, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध और अन्य प्रशासनिक कारणों से इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया। आजादी के बाद, 1951 की जनगणना में भारत सरकार ने जातिगत आंकड़े एकत्र करने को बंद करने का निर्णय लिया। केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आंकड़े एकत्र किए जाने लगे, जबकि अन्य जातियों के लिए कोई अलग डेटा संग्रह नहीं किया गया। 2011 में, यूपीए सरकार ने सामाजिक- आर्थिक और जातिगत जनगणना आयोजित की, जो 1931 के बाद पहली बार जाति आधारित डेटा संग्रह का प्रयास था। लेकिन इस सर्वेक्षण के आंकड़े पूरी तरह सार्वजनिक नहीं किए गए और इसकी विश्वसनीयता पर भी सवाल उठे। हाल के वर्षों में, विशेष रूप से बिहार में 2023 में आयोजित जाति आधारित सर्वेक्षण ने इस मुद्दे को फिर से राष्ट्रीय चर्चा में ला दिया। बिहार सरकार ने इस सर्वेक्षण को दो चरणों में पूरा किया, जिसमें पहले चरण में घरों की गिनती और दूसरे चरण में जातियों के आंकड़े एकत्र किए गए। केंद्र सरकार ने शुरू में इस सर्वेक्षण का विरोध किया, लेकिन बाद में इसे वापस ले लिया। 2025 में, केंद्र सरकार ने घोषणा की कि अगली राष्ट्रीय जनगणना में जाति आधारित आंकड़े भी शामिल किए जाएंगे, जिसे कैबिनेट कमेटी ऑन पॉलिटिकल अफेयर्स ने मंजूरी दे दी है।

जातिगत गणना के लाभ

जातिगत जनगणना के समर्थक इसे सामाजिक न्याय और समावेशी विकास का एक महत्वपूर्ण उपकरण मानते हैं। जातिगत जनगणना से विभिन्न जाति समूहों की शिक्षा, रोजगार, आय और संपत्ति के वितरण में असमानताओं का सटीक आकलन किया जा सकता है। यह डेटा

नीति निर्माताओं को उन समुदायों की पहचान करने में मदद करता है जो सामाजिक और आर्थिक रूप से सबसे अधिक हाशिए पर हैं। उदाहरण के लिए, बिहार के 2023 सर्वेक्षण ने दिखाया कि 84% आबादी सामाजिक-आर्थिक रूप से हाशिए पर है, जिसने नीति निर्माण में नए दृष्टिकोण को जन्म दिया। सटीक जाति आधारित डेटा के आधार पर सरकारें विशिष्ट समुदायों के लिए कल्याणकारी योजनाएं बना सकती हैं। उदाहरण के लिए, यदि किसी विशेष जाति समूह में शिक्षा का स्तर बहुत कम है, तो उनके लिए विशेष शैक्षिक कार्यक्रम शुरू किए जा सकते हैं। जातिगत जनगणना से यह स्पष्ट हो सकता है कि किन क्षेत्रों या समुदायों में संसाधनों की अधिक आवश्यकता है। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाया जा सकता है जो वास्तव में जरूरतमंद हैं। जातिगत जनगणना से नया डेटा मिलेगा, जिसके आधार पर आरक्षण कोटे को समायोजित किया जा सकता है। जातिगत जनगणना शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं के लिए एक मूल्यवान डेटाबेस प्रदान कर सकती है, जिससे सामाजिक गतिशीलता, असमानता और विकास के विभिन्न पहलुओं पर गहन अध्ययन संभव हो सकता है। जातिगत जनगणना से वंचित समुदायों को उनकी स्थिति सुधारने का अवसर मिलेगा, जिससे सामाजिक एकता मजबूत होगी और लोकतंत्र में उनकी हिस्सेदारी बढ़ेगी। जातिगत जनगणना के विरोधी इसे सामाजिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से हानिकारक मानते हैं। कई विशेषज्ञों का मानना है कि जातिगत जनगणना से समाज में जातिगत तनाव और ध्रुवीकरण बढ़ सकता है। यह लोगों को उनकी जातिगत पहचान के आधार पर समूहों में बांट सकता है, जिससे राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंच सकता है। जातिगत जनगणना में व्यक्तिगत जानकारी एकत्र की जाती है, जिसके दुरुपयोग की आशंका रहती है। यदि यह डेटा गलत हाथों में पड़ता है, तो यह सामाजिक भेदभाव को और बढ़ा सकता है। जातिगत जनगणना के आंकड़ों के आधार पर विभिन्न समुदाय आरक्षण की नई मांगें उठा सकते हैं, जिससे सामाजिक और राजनीतिक अस्थिरता बढ़ सकती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित 50% आरक्षण की सीमा पहले ही कई राज्यों में चुनौती का विषय है। जातिगत जनगणना जाति व्यवस्था को और मजबूत कर सकती है, क्योंकि यह लोगों को उनकी जातिगत पहचान के प्रति और अधिक जागरूक करेगी। इससे आधुनिक लोकतंत्र के 'सार्वभौमिक नागरिक बोध' को नुकसान पहुंच सकता है। जातिगत जनगणना का डेटा राजनीतिक दलों द्वारा वोट बैंक की राजनीति के लिए दुरुपयोग किया जा सकता है। क्षेत्रीय दल विशेष रूप से इसका उपयोग अपनी राजनीतिक स्थिति मजबूत करने के लिए कर सकते हैं।

वर्तमान स्थिति और विश्लेषण

विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट है कि जातिगत जनगणना एक दोधारी तलवार है। एक ओर, यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को बढ़ावा देने का एक शक्तिशाली उपकरण हो सकता है। यह उन समुदायों को मुख्यधारा में लाने में मदद कर सकता है जो ऐतिहासिक रूप से वंचित रहे हैं। दूसरी ओर, इसके गलत उपयोग से सामाजिक तनाव, राजनीतिक अस्थिरता और जातिगत पहचान को और मजबूत करने का खतरा है। इसलिए, जातिगत जनगणना को लागू करने से पहले कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने चाहिए। पहला, डेटा संग्रह की प्रक्रिया को पारदर्शी और गोपनीय बनाया जाना चाहिए ताकि व्यक्तिगत गोपनीयता का उल्लंघन न हो। दूसरा, आंकड़ों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त कानूनी ढांचा तैयार किया जाना चाहिए। तीसरा, जनगणना के परिणामों को केवल सामाजिक कल्याण और नीति निर्माण के लिए उपयोग किया जाना चाहिए, न कि राजनीतिक लाभ के लिए।

आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नड्डा पहुंचे तमिलनाडु

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

संगठनात्मक कार्य में तेजी लाएं और द्रमुक को हटाएं

द्रमुक सरकार को सत्ता से बाहर करेंगे: नागेंद्रन

राज्य कोर ग्रुप की बैठक में भाग लिया

राज्य इकाई के प्रमुख नैनार की अध्यक्षता में की बैठक

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य, रसायन एवं उर्वरक मंत्री मंत्री जेपी नड्डा ने 2026 में तमिलनाडु में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को पार्टी की तमिलनाडु इकाई की तैयारियों की समीक्षा की। नड्डा ने राज्य कोर ग्रुप की बैठक में भाग लिया और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू करने और पार्टी के संगठनात्मक कार्य को भी आगे बढ़ाने की सलाह दी।

भाजपा की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख और विधायक दल के नेता नैनार नागेंथिरन की अध्यक्षता में बैठक में तमिलनाडु मामलों के राष्ट्रीय सह-प्रभारी पी सुधाकर रेड्डी, राज्य इकाई के सह-संयोजक एच राजा, राष्ट्रीय महिला मोर्चा की अध्यक्ष और विधायक वनाथी श्रीनिवासन और पार्टी की राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष पोन राधाकृष्णन और डॉ तमिलिसाई सौंदरराजन सहित अन्य लोग शामिल हुए।

पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी विनोज पी सेल्वम ने कहा कि बैठक में हमारे प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने 2026 के चुनाव में द्रमुक सरकार को सत्ता से बाहर करने और राज्य विधानसभा में भाजपा के अधिकतम सदस्यों की संख्या सुनिश्चित करने का संकल्प व्यक्त किया।

अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत सम्मेलन का उद्घाटन किया

शैव सिद्धांत ने तमिल पहचान को आकार दिया

नड्डा यहां एसआरएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में धर्मपुरम अधीनम के तत्वावधान में आयोजित छठे अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत सम्मेलन में भाग लेने के लिए आए हैं। नड्डा ने कहा कि तमिल धरती में गहराई से निहित शैव सिद्धांत ने भक्ति, सदाचार और दैवीय कृपा से मुक्ति पर जोर देकर तमिल पहचान को आकार दिया है। शैव सिद्धांत महज एक धार्मिक दर्शन नहीं है बल्कि यह एक सभ्यतागत सिद्धांत है जो आत्मा, परमात्मा और जगत के बीच पवित्र संबंध की शिक्षा देता है। उन्होंने यहां कट्टनकुलथुर में तिरुकायिलया परंपरा धर्मपुरम अधीनम के अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत अनुसंधान संस्थान, धर्मपुरम और एसआरएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के तत्वावधान में आयोजित छठे अंतरराष्ट्रीय शैव सिद्धांत सम्मेलन का उद्घाटन किया।

संत अप्पार, सुंदरार और तिरुग्ननना संबंदर का गुणगान किया

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु पवित्र भूमि है और संगम कवियों तथा शैव संतों ने इस दर्शन को पोषित किया। उन्होंने कहा कि थेवरम और थिरुवसगम को प्रतिदिन बहुत जोश के साथ गाया जाता था, जो हमारे पूर्वजों की शाश्वत भक्ति को प्रतिध्वनित करता था। संत अप्पार, सुंदरार और तिरुग्ननना संबंदर द्वारा रचित पवित्र थेवरम (तमिल भक्ति भजन) दिव्यता की ओर ले जाता है।

कुलाधिपति टीआर को सराहा

नड्डा ने शिक्षा और आध्यात्मिकता में योगदान के लिए एसआरएम विश्वविद्यालय के संस्थापक-कुलाधिपति टी आर पारिवेंधर की सराहना की। उन्होंने सम्मेलन के आयोजन के लिए धर्मपुरम अधीनम को भी धन्यवाद दिया। कुलाधिपति पारीवेंधर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हम सम्मेलन के लिए उनके अनुग्रहपूर्ण संदेश और आशीर्वाद के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति अत्यंत आभारी हैं। उनके शब्द हमें भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हैं।

खबर संक्षेप

जयपुर-जोधपुर इंटरसिटी के इंजन से निकला धुआं

जयपुर। राजस्थान में जयपुर और जोधपुर के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस में आज उस समय यात्री सहम गए जब ट्रेन के इंजन से धुंआ निकलता दिखाई दिया।एक्सप्रेस के इंजन से धुआं निकलता देख ट्रेन में सवार यात्रियों में दहशत फैल गई हालांकि किसी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।यह घटना नागौर जिले के गोटन रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को हुई।

वैन और मोटरसाइकिल की टक्कर, चार की मौत

शिवपुरी। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में शनिवार अपराह्न एक वैन और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो लड़कियों समेत चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यह घटना रन्नौद पुलिस थाने के अंतर्गत माधा गणेश खेड़ा गांव के पास हुई। रन्नौद पुलिस थाने के प्रभारी अरविंद चौहान ने बताया कि मृतकों की पहचान किशनलाल (57), उनके बेटे बंटी (27), पूनम (4) और सलोनी (3) के रूप में हुई है।

केदारनाथ यात्रियों के लिए मुफ्त वाईफाई चालू हुई

देहरादून। केदारनाथ आने वाले तीर्थयात्रियों को इस हिमालयी मंदिर और उसके आसपास मुफ्त, हाई-स्पीड वाई-फाई की सुविधा मिलेगी। सफल परीक्षण के बाद शनिवार को यह सुविधा शुरू की गई। मुख्य विकास अधिकारी (रुद्रप्रयाग) जी एस खाती ने बताया कि तीर्थयात्री अपना मोबाइल नंबर पंजीकृत कराकर और 'वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी)' सृजित कर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

हिंदू एक्टिविस्ट हत्या मामले में 8 गिरफ्तार

बेंगलुरु। कर्नाटक पुलिस ने हिंदू कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या के मामले में 8लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार सभी आरोपी 'सफवान' गैंग से जुड़े हैं। मोहम्मद फाजिल की 2022 की बहुचर्चित हत्या के मुख्य आरोपी सुहास की 1 मई की रात को बाजपे के किन्निकंबला में अज्ञात हमलावरों के एक समूह ने हत्या कर दी थी।

कुल्लू के जिंगजिंगबार में मई महीने में बर्फबारी

मनाली। हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जिंगजिंगबार में ताजा बर्फबारी हुई है। मई महीने में जहां मैदानी इलाकों में तापमान लगातार बढ़ रहा है वहीं पहाड़ों में ताजा बर्फबारी हो रही है। देश के मैदानी इलाकों में बढ़ते तापमान के कारण पर्यटक ठंडक की तलाश में पहाड़ों की ओर रुख कर रहे हैं।

आतंकी हमले के मद्देनजर एक बार फिर भारत के कठोर रुख की पुष्टि की

भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध: प्रधानमंत्री

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले में मारे गए थे 26 लोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

- इस घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव
- प्रधानमंत्री मोदी आतंकवादियों और उनके समर्थकों को दंडित करने की बात कह चुके
- बर्बर आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने सहित पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाए हैं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर एक बार फिर भारत के कठोर रुख की पुष्टि करते हुए शनिवार को कहा कि देश आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने यह घोषणा चार दिवसीय यात्रा पर भारत आए अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लॉरेन्को के साथ चर्चा के बाद की। उन्होंने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा, ''हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ एवं निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। इस घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव है तथा प्रधानमंत्री मोदी आतंकवादियों और उनके समर्थकों को दंडित करने की बात कह चुके हैं। बर्बर आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने सहित पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाए हैं।

हमले में स्थानीय लोगों ने की मदद : फारूक



जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने कहा, 'पहलगाम आतंकी हमला लोकल सपोर्ट के बिना नहीं हो सकता। क्योंकि आतंकवादी वहां कैसे आए, ये सवाल आज भी बना हुआ है। किसी लोकल ने उनकी मदद तो जरूर की है। अब्दुल्ला के इस बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि फारूक अब्दुल्ला का ऐसा बयान देश के बाकी हिस्सों में रह रहे कश्मीरी लोगों के लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा- इससे कुछ मीडिया चैनलों को कश्मीरियों और मुस्लिमों को बदनाम करने का मौका मिल जाएगा। फारूक अब्दुल्ला ने सिंधु जल संधि की समीक्षा की मांग भी की। उन्होंने कहा कि पानी हमारा है, तो इस्तेमाल का हक भी हमारा होना चाहिए। जम्मू में पानी की कमी पर चिनाब से जल लाने की योजना बनाई थी, लेकिन वर्ल्ड बैंक ने सहयोग नहीं किया।

उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ की चर्चा

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की तथा पिछले सप्ताह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले समेत विभिन्न मुद्दों पर उनके साथ चर्चा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के आवास पर दोनों नेताओं के बीच यह बैठक करीब आधे घंटे चली। अधिकारियों ने बताया कि अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री को जमीनी हालात के बारे में जानकारी दी। खासकर घातक हमले को लेकर लोगों में व्याप्त आक्रोश और हिंसा के प्रति अपनी अस्वीकृति व्यक्त करने के लिए हर गली-मोहल्ले में हो रहे स्वतःस्फूर्त विरोध प्रदर्शनों के बारे में। वर्ष 1989 में आतंकवाद के उभरने के बाद पहली बार ऐसा हो रहा है। मुख्यमंत्री ने टट्टू सवारी संचालक सैयद आदिल हुसैन शाह के बलिदान का भी जिक्र किया।

पहलगाम हमले से पहले खुफिया एजेंसियों ने पर्यटकों को निशाना बनाए जाने की आशंका जताई थी : अधिकारी

दिल्ली/श्रीनगर (भाषा)। पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले से कुछ दिन पहले ही खुफिया एजेंसियों ने पर्यटकों को निशाना बनाए जाने की आशंका जताई थी। खुफिया एजेंसी ने खासकर श्रीनगर के बाहरी इलाके के अंतर्गत जबरवान रेंज की तलहटी में स्थित होटलों में ठहरे पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर आशंका जताई थी। मामले से अवगत अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इससे इन क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गई और दाचीगाम, निशात और आस-पास के क्षेत्रों में तलाशी अभियान की निगरानी के लिए श्रीनगर में शीर्ष पुलिस अधिकारियों को तैनात किया गया। पिछले साल अक्टूबर में सोनमर्ग के गंगनगीर में एक निर्माण स्थल पर हुए आतंकवादी हमले (जिसमें एक चिकित्सक सहित सात लोग मारे गए थे) के कारण इन क्षेत्रों पर ध्यान गया और सुरक्षा बलों ने गश्त बढ़ा दी। यह इलाका श्रीनगर शहर के ऊपर जबरवान रेंज के दूसरी तरफ स्थित है।

सेना के आधुनिकीकरण के लिए दिया फंड

मोदी ने अंगोला को 20 करोड़ डॉलर देने की घोषणा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

संबंधों को और मजबूत करने का भी निर्णय लिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अंगोला के लिए 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर की रक्षा ऋण सुविधा की घोषणा की तथा आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ दृढ़ता एवं निर्णायक कार्रवाई करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रधानमंत्री द्वारा अफ्रीकी देश की सेना की मदद की यह घोषणा 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के कुछ दिन बाद की गई है। मोदी ने यह घोषणा अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंकाल्वेस लॉरेन्को के साथ व्यापक चर्चा के बाद की। दोनों नेताओं की बातचीत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के क्षेत्रों सहित समग्र द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने पर केंद्रित थी।

उन्होंने कहा, ''हमने स्वास्थ्य सेवा, हीरा प्रसंस्करण, उर्वरक और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में अपने संबंधों को और मजबूत करने का भी निर्णय लिया है।'' प्रधानमंत्री ने यह भी कहा, ''हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

मुंबई में बुलेट ट्रेन के पहले स्टेशन के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है : रेल मंत्री वैष्णव

मुंबई (भाषा)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि मुंबई के बीकेसी में बुलेट ट्रेन के पहले स्टेशन के निर्माण का काम तेजी से चल रहा है। वैष्णव ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में निर्माणाधीन भूमिगत स्टेशन का दौरा किया और इसकी प्रगति की समीक्षा की। बाद में उन्होंने नवी मुंबई में पनवेल और जुईनगर रेलवे स्टेशनों पर जारी बुनियादी ढांचे के कार्यों का निरीक्षण किया और रेलवे एवं माल ढुलाई संबंधी प्रमुख परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। बीकेसी दौरे के दौरान रेल मंत्री के साथ नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के अधिकारियों के साथ ही मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे के प्रतिनिधि भी थे। एनएचएसआरसीएल 500 किलोमीटर लंबी मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना का क्रियान्वयन कर रहा है।

कर्नाटक के मंत्री ने कहा

मोदी और शाह अनुमति दें तो मैं आत्मघाती हमलावर बनने को तैयार

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

- यह नाटकीय बयान वायरल हो रहा

कर्नाटक के आवास और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बीजेड जमीर अहमद खान का एक हालिया बयान चर्चा का विषय बन गया है। पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच पैदा हुए तनाव को बीच मंत्री जमीर अहमद खान का कहना है कि अगर पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह उन्हें अनुमति दें तो वे पड़ोसी देश से जंग के लिए खुद ही फिदायीन हमलावर बनकर जाने के लिए तैयार हूं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिया गया उनका यह नाटकीय बयान तुरंत वायरल हो गया। मैं खुद सीमा पर जाकर युद्ध करने के लिए तैयार हूं। उन्होंने कहा, हम सब भारतीय हैं, हम हिंदुस्तानी हैं। हमारा पाकिस्तान से कोई नाता नहीं है। पाकिस्तान हमेशा से हमारा दुश्मन मुल्क रहा है।

ओवैसी ने पाक-बांग्लादेश को लताड़ा

पहले तुम 'घर' में घुस जाते थे अब हम घर में घुसकर मारेंगे

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

- पीएम मोदी अब ठोस कदम उठाएं

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर पाकिस्तान और बांग्लादेश को लताड़ लगाई है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जो हुआ वह दर्दनाक है। उन्होंने पीएम मोदी से आतंकियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की अपील की है। उन्होंने पाकिस्तान को फेल्ड नेशन बताया। बांग्लादेश पर उन्होंने कहा कि जो देश तुम्हें मिला है, वह हमारी वजह से मिला है। हम देख रहे हैं कई साल से पाकिस्तान से लोग आकर हमारे यहां लोगों की जान ले लेते हैं। हम मोदी जी से अपील करते हैं वे ठोस कदम उठाएं ताकि पाक दोबारा ऐसा न करे। आखिरकार ओवैसी ने कहा कि पहले आतंकी और पनहगार घर में घुस जाते थे अब हम घर में घुसकर मारेंगे।

कांग्रेस ने हिंसा के दो साल पूरा होने पर उठाई मांग

जनता की सरकार का गठन हो

राष्ट्रपति शासन के बावजूद मणिपुर में हालात सामान्य नहीं, चुनाव कराया जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मणिपुर को न्याय नहीं मिला

कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने के बावजूद हालात सामान्य नहीं हुए हैं। पार्टी के प्रदेश प्रभारी सप्तगिरि उलाका ने केंद्र से यह आग्रह भी किया कि राज्य में जल्द विधानसभा चुनाव कराया जाए ताकि वहां जनता की सरकार का गठन हो और मणिपुर में शांति स्थापित की जा सके। मणिपुर में हिंसा भड़कने के दो साल पूरा होने पर कहा, हम अपेक्षा करते हैं कि मोदी मणिपुर के लोगों को आश्वासन देंगे और वहां जो भी घटना घटी है, उसकी जिम्मेदारी लेंगे।

नरेंद्र मोदी आज तक मणिपुर नहीं गए और अब गृह मंत्री अमित शाह भी मणिपुर नहीं जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद भी मणिपुर में हालात सामान्य नहीं है। उलाका ने कहा, हम लगातार मणिपुर की आवाज उठाते रहेंगे, जब तक मणिपुर को न्याय नहीं मिलता। उन्होंने सवाल किया, आखिर प्रधानमंत्री मोदी मणिपुर कब जाएंगे? मणिपुर में 55 विधायक होने के बाद भी राष्ट्रपति शासन लागू करने की क्या जरूरत पड़ी?

जागरूकता बढ़ेगी वेस्टर्न रेलवे ने नई पहल की शुरुआत की

अब रेल पैसेंजर को सुरक्षा और मैसेज देगा 'छोटा भीम'

रेलवे स्टेशनों, पोस्टरों, स्कूलों, टीवी और रेडियो पर आएंगे संदेश

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब रेलवे सुरक्षा की बात होगी तो छोटा भीम भी साथ होगा। पश्चिम रेलवे ने देश के पॉपुलर कार्टून कैरेक्टर छोटा भीम के साथ मिलकर एक अनूठी पहल की शुरुआत की है। इसका मकसद है रेल यात्रियों को मजेदार अंदाज में सुरक्षा को लेकर जागरूक करना। देशभर में बच्चों के चहेते सुपरहीरो छोटा भीम अब रेलवे स्टेशनों, पोस्टरों, स्कूलों, टीवी और रेडियो पर रेलवे सुरक्षा के मैसेज देते नजर आएंगे।

सुरक्षित यात्रा, जिम्मेदार यात्री का मिशन शुरू

इस साझेदारी के तहत आने वाले एक साल तक छोटा भीम और उसके दोस्त रेलवे परिसर में सुरक्षा नियमों, प्लेटफॉर्म पर सावधानी, ट्रेनों में सही व्यवहार जैसे संदेशों को मनोरंजक रूप से प्रस्तुत करेंगे। प्रिंट, डिजिटल, टीवी, रेडियो और स्कूल कैंपेन में इन पात्रों का उपयोग किया जाएगा ताकि बच्चों से लेकर बड़ों तक, हर वर्ग के यात्री तक ये जरूरी मैसेज पहुंच सके।

जियो वर्ल्ड सेंटर में लगी मुहर

यह अनोखा सहयोग वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) 2025 के दौरान मुंबई स्थित जियो वर्ल्ड सेंटर में तय हुआ। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक और ग्रीन गोल्ड एनिमेशन प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ और एमडी राजीव चिलाकलापुडी ने लेटर ऑफ कोलेबरेशन पर हस्ताक्षर किए।

यह समाज में पॉजिटिव बदलाव का जरिया भी बनेगा

छोटा भीम न सिर्फ बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाता है बल्कि अब वह समाज में पॉजिटिव बदलाव का जरिया भी बनेगा। खास बात ये है कि इस बार छोटा भीम सिर्फ लड्डू नहीं खाएगा बल्कि यात्रियों को सिखाएगा कि सुरक्षित यात्रा कैसे की जाती है। विनीत अभिषेक ने कहा कि हम चाहते हैं कि सुरक्षा जैसे गंभीर विषय को भी लोग रुचि से समझें। छोटा भीम की पॉपुलैरिटी और बच्चों में उसकी पकड़ इस मैसेज को और प्रभावशाली बनाएगी।

मथुरा में दर्दनाक हादसा

कार ने टेंपो में मारी टक्कर तो घायलों को डंपर ने रौंदा, 4 मरे

एजेंसी ▶▶ मथुरा

क्षेत्र के रामताल नगला की रोड पर टक्कर

यहां तेज रफ्तार थार और सवारी टेंपो की टक्कर में कई लोग घायल हो गए। सड़क पर चीख-पुकार मची थी, तभी तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने घायलों को कुचल दिया। 4 लोगों की मौत हो गई। घटनास्थल का दृश्य देख लोगों की चीख निकल गई। हादसा मथुरा के थाना जैत क्षेत्र के रामताल नगला की रोड पर कृष्णा कुटीर के समीप हुआ। तेज रफ्तार कार ने सवारी टेंपो को चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में घायल सड़क पर मदद के लिए पुकार रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने घायलों को कुचल दिया। सड़क पर खून से सने शव बिखरे पड़े थे। घटनास्थल का दृश्य देख लोगों की चीख निकल गई। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

एंथनी अल्बनीज लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के पीएम पद के लिए चुने गए हैं। वह पिछले 21 वर्षों में ऐसी जीत दर्ज करने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई पीएम बन गए हैं। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा। विपक्षी नेता पीटर डटन ने शनिवार के चुनाव में हार स्वीकार कर ली है

सिंगापुर में हुए चुनाव, सत्तारूढ़ पीएपी और विपक्षी वर्कर्स पार्टी में कड़ा मुकाबला

ऑस्ट्रेलिया में आम चुनाव में लेबर पार्टी को मिली जीत

एंथनी अल्बनीज दूसरी बार बने पीएम पीएम मोदी ने शानदार जीत की दी बधाई

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

एंथनी अल्बनीज लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया के पीएम पद के लिए चुने गए हैं। वह पिछले 21 वर्षों में ऐसी जीत दर्ज करने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई पीएम बन गए हैं। उनका कार्यकाल तीन साल का होगा।

विपक्षी नेता पीटर डटन ने शनिवार के चुनाव में हार स्वीकार करते हुए कहा कि हमने इस (चुनाव प्रचार) अभियान के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, यह स्पष्ट हो गया है, और मैं इसके लिए पूरी जिम्मेदारी स्वीकार करता हूं। उन्होंने कहा कि इससे पहले, मैंने पीएम अल्बनीज को उनकी सफलता पर बधाई देने के लिए फोन किया। यह लेबर पार्टी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है।

भारत साझा दृष्टिकोण के साथ काम करने को तैयार

विपक्षी नेता पीटर डटन बोले- हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके

शानदार जनादेश स्थायी विश्वास दर्शाता

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एंथनी अल्बनीज को उनकी शानदार जीत और ऑस्ट्रेलिया के पीएम के रूप में पुनः निर्वाचित होने पर बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एंथनी अल्बनीज को शानदार जीत और ऑस्ट्रेलिया के पीएम के रूप में पुनः निर्वाचित होने पर बधाई! यह शानदार जनादेश आपके नेतृत्व में ऑस्ट्रेलियाई लोगों के स्थायी विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि मैं भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने को लेकर आशान्वित हूं।

ऑस्ट्रेलिया में सभी को वोट डालना जरूरी

ऑस्ट्रेलिया में 18 साल या इससे ज्यादा उम्र के सभी नागरिकों को अनिवार्य रूप से वोट देना होता है और अगर गैर जरूरी कारण से वो ऐसा नहीं करते हैं तो उन पर 20 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का जुर्माना लगाया जा सकता है। यहां पीएम बनने के लिए उम्र तय नहीं है। दूसरे शब्दों में कहें तो 18 साल या ज्यादा उम्र के जो लोग वोटिंग कर सकते हैं, वो चुनाव भी लड़ सकते हैं और पीएम भी बन सकते हैं।

दक्षिण कोरिया में सत्तारूढ़ पार्टी ने किम मून को बनाया राष्ट्रपति पद का प्रत्याशी

सिओल (दक्षिण कोरिया)। पूर्व श्रम मंत्री और दक्षिणपंथी नेता किम मून सू को दक्षिण कोरिया की मुख्य कंजर्वेटिव पार्टी का राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया गया है। देश में तीन जून को राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। किम को लिबरल उम्मीदवार ली जेई-म्युंग से कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ेगा। पीपुल्स पावर पार्टी (पीपीपी) के प्रारंभिक चुनाव शनिवार को खत्म हुए। इन चुनाव में किम ने 56.5 फीसदी वोट हासिल किए और अपने एकमात्र प्रतिद्वंद्वी हान डोंग-हुन को हरा दिया। अन्य उम्मीदवार पहले ही दौर में बाहर हो गए थे। इस जीत के बाद किम ने कहा कि मैं ली जेई-म्युंग और उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी को सत्ता में आने से रोकने के लिए किसी से भी मजबूत गठबंधन करूंगा। मैं इसे इस तरह से करूंगा कि जनता और पार्टी भी स्वीकार करे और आखिर में मैं जीत हासिल करूंगा।

सिंगापुर : शाम पांच बजे तक 82 प्रतिशत मतदान हुआ

सिंगापुर सिटी। सिंगापुर में भी शनिवार को संसदीय चुनाव के लिए वोटिंग हुई। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला 1965 से सत्ता पर काबिज पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) और प्रमुख विपक्षी दल वर्कर्स पार्टी (डब्ल्यूपी) के बीच है। इन दोनों के अलावा कई अन्य छोटे दल भी चुनावी मैदान में हैं। चुनाव का परिणाम आज 4 मई को आ सकता है। मतदान के लिए विद्यालयों, सार्वजनिक आवास ब्लॉकों और अन्य क्षेत्रों में 1,200 से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए थे और मतदान के लिए 12 घंटे की अवधि तय की गई थी। सिंगापुर में मतदान अनिवार्य है, जहां लगभग 27.6 लाख मतदाता हैं। पीएपी पहले ही 97 संसदीय सीट में से पांच पर निर्विरोध निर्वाचित हो चुकी है।

सिर्फ पीएपी ही सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही

चुनाव में 11 पार्टियां हिस्सा ले रही हैं, लेकिन सिर्फ पीएपी ही सभी 97 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। जबकि वर्कर्स पार्टी सिर्फ 26 सीटों के लिए चुनाव लड़ रही है। सिर्फ छह पार्टियां ही 10 से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं। 2020 के आम चुनाव में कुल 93 सीटों के लिए वोटिंग की गई थी, जिसमें पीएपी ने 83 सीटें जीती थीं, उसे 61.24% वोट मिले थे। जबकि वर्कर्स पार्टी ने 10 सीटें जीती थीं। इस बार के चुनाव में आर्थिक विकास, रोजगार, बढ़ती महंगाई, हेल्थ, एजुकेशन और अल्पसंख्यक समुदाय की सरकार में हिस्सेदारी एक प्रमुख मुद्दा है।

वांग पीएम पद के दावेदार

15 मई 2024 को ली सीन लूंग की जगह लॉरेंस वॉन्ग ने सिंगापुर के पीएम संभाला था। वो पीएपी के महासचिव भी हैं। इससे पहले वो वित्त मंत्री और उपपीएम के जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। कोविड-19 के वक्त लिए गए फैसलों और आर्थिक नीतियों की वजह से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली थी।

अब विक्ट्री दिवस समारोह के लिए रूस जाएंगे रक्षा राज्य मंत्री राजनाथ

नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रूस में 9 मई 2025 को आयोजित किए जाने वाले विक्ट्री दिवस परेड समारोह में शिरकत नहीं करेंगे। उनकी जगह पर अब इस आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच विक्ट्री दिवस समारोह में भाग लेने के लिए रक्षा राज्य मंत्री को रूस भेजने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि इस वर्ष विक्ट्री दिवस की 80वीं वर्षगांठ है। जिसे रूस हर साल द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान तत्कालीन सोवियत संघ (यूएसएसआर) की सेनाओं द्वारा जर्मनी की नाजी

भारत-पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नहीं करेंगे रूस की यात्रा

सेनाओं को बुरी तरह से परास्त करने की वर्षगांठ के रूप में मनाता है। रूस ने हालांकि विक्ट्री दिवस समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया था। उनकी तरफ से इसमें शामिल होने की पुष्टि भी कर दी गई थी। लेकिन इस घटनाक्रम के बीच हुए पहलगाम आतंकी हमले की वजह से प्रधानमंत्री ने अपना रूस का दौरा रद्द कर दिया और उनकी जगह पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को समारोह में शामिल होने के लिए कहा गया। लेकिन अब रक्षा मंत्री की जगह पर इस समारोह में भाग लेने के लिए भारत की तरफ से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को भेजा जा रहा है।

भारत और ब्रिटेन के बीच एमओयू

दोनों देशों ने नए सांस्कृतिक समझौते पर किए हस्ताक्षर

लंदन(एजेंसी)। ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया और खेल मामलों की मंत्री लिसा नंदी इस हफ्ते अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत दौरे पर हैं। नई दिल्ली में उन्होंने भारत के संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की। दोनों देशों ने एक नए सांस्कृतिक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए। ब्रिटेन के संस्कृति, मीडिया और खेल विभाग ने एक बयान में कहा कि ब्रिटेन और भारत कला और रचनात्मक क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करते हैं। यह समझौता हमारे कलाकारों, सांस्कृतिक संस्थानों और रचनात्मक व्यवसायों के लिए सहयोग, नवाचार और आर्थिक विकास के नए अवसर खोलेगा।

ब्रिटेन-भारत सांस्कृतिक सहयोग कार्यक्रम का मकसद कला और विरासत के जरिए दोनों देशों के बीच

द्विपक्षीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है और रचनात्मक व्यवसायों व सांस्कृतिक संस्थाओं के बीच दीर्घकालिक साझेदारी को प्रोत्साहित करना है। इसमें ब्रिटेन और भारत मिलकर धरोहर संरक्षण, संग्रहालय प्रबंधन और संग्रहों के डिजिटलीकरण पर सर्वोत्तम प्रथाओं और विशेषज्ञता का समर्थन करेंगे। इस नए समझौते के क्रियान्वयन में भारत में ब्रिटिश काउंसिल और भारतीय संस्कृति मंत्रालय की भागीदारी होगी।

पाकिस्तान के 'अब्दाली' बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण पर भारत की दो टूक

नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत की सख्त जवाबी कार्रवाई से घबराया पाकिस्तान जहां दुनियाभर के देशों से मदद से गुहार लगा रहा है। तो दूसरी तरफ वह अपने सैन्य हथियारों के परीक्षण से भारत को गीदड़भभकी देने की कोशिश भी कर रहा है। शनिवार को इसकी मिसाल पेश करते हुए पाकिस्तान ने सोनमियानी रेंज से सतह से सतह पर मार करने वाली 'अब्दाली' बैलिस्टिक मिसाइल के सफल परीक्षण का दावा किया है। जिसकी रेंज करीब 450 किलोमीटर है। भारत ने पाक के इस परीक्षण को लेकर बेहद कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पूरे मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा कि दोनों देशों के बीच मौजूदा तनावपूर्ण

तनाव बढ़ाने के लिए लापरवाही के साथ की गई उकसावे वाली कार्रवाई, खतरनाक ढंग से बिगड़ेंगे हालात

हालात के बीच पाकिस्तान का यह सुनियोजित मिसाइल परीक्षण का कदम जानबूझकर आग में घी डालने और लापरवाही के साथ की गई उकसावे वाली कार्रवाई है। जिससे दोनों देशों के बीच हालात खतरनाक ढंग से बिगड़ेंगे। इसे पाक की हताशा में तनाव बढ़ाने का कुटिल प्रयास माना जाएगा। यहां बता दें कि पाकिस्तान ने पिछले महीने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद ही सैन्य हथियारों के परीक्षण का नापाक इरादा जाहिर किया था। लेकिन बीते 2 मई तक ऐसा कुछ नहीं किया। लेकिन अब इस परीक्षण को अंजाम दिया गया है।

रूस ने यूक्रेन के 170 ड्रोन और यूरोपीय देशों से आपूर्ति वाली 8 मिसाइलें मार गिराईं

मॉस्को (एजेंसी)। रूस की सेना ने यूरोप और अमेरिका के घमंड को युद्ध के मैदान में चकनाचूर कर दिया है। मॉस्को ने दावा किया कि उसने क्रीमिया और यूक्रेन की सीमा से लगते उसके इलाकों को निशाना बनाकर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात किए गए हमले पर जवाबी कार्रवाई की और 170 ड्रोन तथा 10 से अधिक मिसाइलों को मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने टेलीग्राम चैनल पर जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि स्थानीय समायानुसार शुक्रवार रात 10 बजे से शनिवार सुबह 5 बजे के बीच रूसी वायु रक्षा इकाइयों ने क्रीमिया के ऊपर 96, क्रास्नोडार क्षेत्र में 47, रोस्तोव के ऊपर 9, तथा मॉस्को के दक्षिण-पश्चिम में ब्रायंस्क और कुर्स्क क्षेत्रों में 8-8 स्थिर डैने वाले ड्रोन मार गिराए। इसने बताया

कि दो मानवरहित विमान (यूएवी) को बेलगोरोद में मार गिराया गया। मंत्रालय ने दावा किया कि इनके अलावा, ब्रिटेन द्वारा आपूर्ति की गई 8 'स्टॉर्म शैडो' क्रूज मिसाइलें और यूक्रेन द्वारा विकसित तीन नेप्च्यून-एमडी निर्देशित मिसाइलें भी काला सागर के ऊपर नष्ट कर दी गईं। शनिवार तड़के काला सागर के ऊपर यूक्रेनी नौसेना के 14 ड्रोन नष्ट कर दिए गए। इस बीच, कुछ क्षेत्रों के गवर्नर ने यूक्रेन द्वारा किए गए ड्रोन हमलों में आम लोगों को नुकसान पहुंचने की जानकारी दी है।

HONDA
The Power of Dreams
How we move you.
CREATE ▸ TRANSCEND, AUGMENT

Shine 100

शुभारंभ ऑफ़र

इंस्टेंट कैशबैक ₹5100#
डाउनपेमेंट ₹4999*
₹0* प्रोसेसिंग फी डॉक्यूमेंटेशन चार्जेज़ एडवांस EMI



एफिशिएंट Honda वर्टिकल इंजन

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें
अधिक जानकारी के लिए 7230032200 पर मिस्ड कॉल दें

#*स्कीम 31st May 2025 तक मान्य

Terms and conditions apply. #The Instant Cashback offer of ₹5100 is available on purchase of Shine100. #The offer may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #The scheme is offered by Authorized Main Dealers and Associate Dealers and can be availed on purchase of Shine100 from Authorized Main Dealers and Associate Dealers. #The Instant Cashback offer is only applicable in following states – Bihar, Jharkhand, Gujarat, Tamil Nadu, Haryana, Punjab, Chandigarh, Rajasthan, Jammu & Kashmir, Himachal Pradesh, Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Uttarakhand, Chhattisgarh, Puducherry, Dadra & Nagar Haveli, Daman & Diu and Andaman & Nicobar. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. Nil Extra charges (0/- processing fee, 0/- Documentation Charge & 0/- Advance EMI) are applicable on Shine 100 model only. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. Additional Cashback offer is available on selected Honda2wheelers models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. Customers can avail 5% cashback, up to a maximum of ₹5000/-. Valid on one transaction per card/order during the offer period. The scheme is available at selected outlets only. The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 31st May 2025. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: HARYANA: AMBALA CANTT: Auto World Honda - 0171-2641189, 9996311223; **AMBALA CITY:** S.D. Honda - 9992244787, 9992827777; Samrithi Honda - 9053005600, 9053005610; **MAHESH NAGAR:** Auto World Honda - 9416680450, 7374002045; **NARAINGARH:** SD Honda - 8708886452; **BARARA:** Harmilap Honda - 8295422108, 9416195131; **SAHA:** Milan Honda - 08222000203, **JAGADHARI:** Shiv Shankar Honda - 9355320200, 9355320111; **BILASPUR:** Bakshi Honda - 9934390054; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI:** Kabir Honda - 9599396896; **BHIWANI:** MRM Honda - 9992888908, 9992888910; **CHARKHI DADRI:** MRM Honda - 9992888914, 9992888908; **BAWANI KHERA:** ASR Honda - 7056710107; **BADHRA:** SS Honda - 9991940444; **TOHANA:** Bharat Honda - 9728435800; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **FATEHABAD:** Manjhu Honda - 01667-223599, 8930210999; **RATIA:** Avni Honda - 9466410724, 8168871488; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **HISSAR:** Ashwani Honda - 9992220141, 9992220142; Malik Autos Honda - 9896648808, 8572888882; **HANSI:** Malik Autos Honda - 8572888818; **BARWALA:** Malik Autos Honda - 8572888814; **ADAMPUR:** Malik Autos Honda - 8572888822, 8572888813; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JIND:** S.J Jind Honda - 9350984119, 9878318885; **NARWANA:** Shivam Honda - 9728090375, 9812318005; **KAITHAL:** Kaithal Honda - 9991825394, 9996025394; **CHEEKA:** Kaithal Honda - 9541021041; **PUNDRI:** Lakhan Pal Honda - 9416847289; **KARNAL:** Ess Kay Honda - 9053554321, 9992822555; Rahul Karnal Honda - 9813100005; **ASSANDH:** Raman Honda (Assandh) - 9896678058; **GHARAUNDHA:** Esskay Honda - 9812136979; **NISSING:** Royal Honda - 8930929000; **INDRI:** Kalra Honda - 9996909466; **KURUKSHETRA:** Arsh Honda - 8053444441, 7027044402; Singla Honda - 8930900011, 9467766711; **LADWA:** Deepak Honda - 9812077382; **PEHOWA:** Chirag Honda - 9812666668; **MAHENDERGARH:** White Feather Honda - 01285-220100, 9416574455; **NARNAUL:** BRS Honda - 8607862777,9050109779; **ATELI:** Shiva Honda - 8053782800; **KANINA:** Suraj Honda - 9466082883; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PANIPAT:** L.K. Honda - 7876767800; Malik Honda - 9382938293; **MADLOUDA:** Puneet Honda - 8813050100; **MODEL TOWN (Panipat):** L.K. Honda - 8059900603; **SAMALKHA:** L.K. Honda - 8059900602; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA PANCHKULA:** Aviate Honda - 8199994719; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **REWARI:** Shree Honda - 9215059220; **REWARI BYEPASS:** Shree Honda - 9416662018; **BAWAL:** Avtar Honda - 9729130036; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **DHARUHERA:** Shree Honda - 8689065800; **KOSLI:** Dev Honda - 9996772999; **PALHAWAS:** Krishna Honda - 9992186137; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **MAHAM:** RS Honda - 9218092190; **SIRSA:** Decent Honda - 9996020993, 9896488013, 9996120990; **ELLENABAD:** R S Honda - 9053442078, 9729542078; **DABWALI:** Decent Honda - 9996688044, 9215720991; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921; **YAMUNANAGAR:** Sai Honda - 01732-261420, 9215593704, 9034051285; **ITI CHOWK:** Sai Honda - 8950374020, 9065555525; **RADAUR:** Ganpati Honda - 9896665666, 9034290452; **SADHOURA:** Shree Ganpati Honda - 8901286307. **CHANDIGARH:** Krishna Honda - 0172-5000000, 0172-5041052, 9855146632, 9888601876; Platinum Honda - 9855155999, 9216757444, 9216792163; **PANCHKULA:** Joshi Honda - 0172-5057300, 9915495288, 8288007858; **BARWALA:** Aviate Honda - 8199994719; **DERABASSI:** Satkar Honda - 8566024511, 8566024513; **MANIMAZRA:** Krishna Honda - 0172-5005758, 8427190632, 9646744346; **PINJORE:** Sukhija Honda - 8950222250; **ZIRAKPUR:** Platinum Honda - 8725050051, 8725050052, 8725050060; **MOHALI:** Batra Honda - 7087215231, 7087215237; Platinum Honda - 7374071740, 7719619990; **MULLANPUR:** Platinum Honda - 8725085001; **KHARAR:** Batra Honda - 9056709831; **KURALI:** Batra Honda - 9056709833; **BULLOWAL:** Bedi Honda - 8283000673.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in